शब्दबाणों का प्रहार | नागपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025 | @ www.rashtrabaan.in | पृष्ठ :8 | वर्ष :2 | अंक : 157 | मूल्य:₹ 5

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय दैनिक

|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||

# आज से लागू हो रहा बजट, 6 बड़े बदलाव

**नई दिल्ली.** नया बजट 1 अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगा. यानी, 1 फरवरी को सरकार ने बजट पेश करते हुए जो ऐलान किए थे उन पर काम शुरू होगा. हालांकि, योजनाओं का फायदा कब से मिलेगा, यह योजना के प्रकार और लागू करने की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा. आयकर छूट या सब्सिडी जैसे फायदे 1 अप्रैल 2025 से लागू हो जाते हैं, क्योंकि ये वित्तीय वर्ष के साथ जुड़े होते हैं. वहीं इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाएं, सामाजिक कल्याण योजनाओं का फायदा मिलने में समय लगता है, क्योंकि इन पर काम करने की एक लंबी प्रोसेस होती है.




### नई टैक्स रिजीम डिफॉल्ट बनेगी

1 अप्रैल से नई कर व्यवस्था डिफॉल्ट ऑप्शन होगी. अगर आप पुरानी व्यवस्था (जिसमें 80C, 80D जैसी छूट मिलती है) चुनना चाहते हैं, तो स्पष्ट रूप से ऑप्ट करना होगा. नई रिजीम में 3 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. 3-6 लाख रुपये की आमदनी पर 5%, 6-9 लाख रुपये की आमदनी पर 10%, 9-12 लाख रुपये की आमदनी पर 15%, 12-15 लाख रुपये की आमदनी पर 20% और 15 लाख रुपये से ऊपर 30% टैक्स लगेगा. स्टैंडर्ड डिडक्शन भी 50,000 रुपये तक रहेगा.

### TDS और TCS नियमों में ढील

बजट 2025-26 में स्रोत पर कर कटौती (TDS) और संग्रह (TCS) के नियमों को आसान बनाया गया है. अब 50 लाख से ज्यादा की बिक्री पर 0.1% TCS नहीं कटेगा. साथ ही, जिन्होंने ITR फाइल नहीं किया, उनके लिए हाई TDS रेट का नियम हटाया जा रहा है. इससे छोटे कारोबारियों और आम लोगों को राहत मिलेगी.

### कैपिटल गेन्स टैक्स में बदलाव

लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन्स (LTCG) पर छूट की सीमा बढ़ाई जा सकती है, जिससे शेयर और म्यूचुअल फंड में लंबे निवेश को बढ़ावा मिलेगा. वहीं, शॉर्ट-टर्म गेन्स पर टैक्स रेट 20% तक हो सकता है, जो पहले 15% था.

### स्टार्टअप्स और निवेशकों को राहत

स्टार्टअप्स के लिए धारा 80-IAC के तहत टैक्स छूट की समयसीमा 31 मार्च 2030 तक बढ़ाई गई है. साथ ही, IFSC से ली गई जीवन बीमा पॉलिसी पर विदेशी निवेशकों को टैक्स छूट मिलेगी.

### पेंशन और सैलरी में लाभ

नियोक्ता की ओर से NPS में योगदान की छूट 10% से बढ़कर 14% हो सकती है. साथ ही, वेतनभोगियों को 12.75 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, अगर वो नई रिजीम चुनते हैं.

### मोटी कमाई करने वालों पर बढ़ सकता है सरचार्ज

अगर आपकी आय एक निश्चित सीमा से अधिक है, तो सरकार सरचार्ज की दरें बढ़ा सकती है. इससे मोटी कमाई करने वाले करदाताओं को अधिक टैक्स चुकाना पड़ सकता है. अगर आप किराए पर रहते हैं और आपका मासिक किराया 50,000 रुपये से अधिक है, तो आपको अपने मकान मालिक के लिए TDS (5%) काटकर जमा करना होगा.

# मोदी सरकार इसी सत्र में लेकर आएगी वक्फ बिल

## 2 अप्रैल को लोकसभा में हो सकता है पेश

**नई दिल्ली.** वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है. सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी. सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं. बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं. हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए. रिजिजू ने कहा- बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है. सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें. उन्होंने कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है. गृह मंत्री अमित शाह ने 29 मार्च को एक निजी चैनल से बातचीत में इसी सत्र (बजट सत्र) में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी. शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है.




### पिछले सत्र में पेश हुआ था वक्फ विधेयक

वक्फ बिल पिछले सत्र में भी लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन उस समय विपक्षी दलों ने इस पर तीव्र विरोध जताया था. उनके भारी हंगामे के बाद, यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था. अब सरकार ने इसे फिर से पेश करने का निर्णय लिया है, और इस बार वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं.

### अवैध कैसे हो सकता है वक्फ बिलः रिजिजू



वक्फ संशोधन विधेयक पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "कुछ लोग कह रहे हैं कि यह वक्फ संशोधन विधेयक असंवैधानिक है. वक्फ नियम आजादी से पहले से ही अस्तित्व में हैं... ये सभी प्रावधान पहले से ही अस्तित्व में हैं. अगर वक्फ अधिनियम आजादी से पहले से अस्तित्व में है, तो यह अवैध कैसे हो सकता है?" किरेन रिजिजू ने कहा, "भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है. कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातें हमारे समाज और राष्ट्र के लिए बहुत हानिकारक हैं. मैं सभी से अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया उन नेताओं की पहचान करें जो झूठ बोल रहे हैं. ये वे लोग हैं जिन्होंने सीएए के दौरान देश को गुमराह किया. मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित हैं और अल्पसंख्यकों को भारत में स्वतंत्रता के सबसे अच्छे अधिकार प्राप्त हैं."

### विपक्ष का विरोध

विपक्षी दल इस विधेयक पर पहले भी अपनी आपत्ति जाहिर कर चुके हैं. उनका कहना है कि सरकार का यह कदम वक्फ बोर्डों के कार्यों को केंद्रीकरण की दिशा में बढ़ावा देगा, जिससे इन बोर्डों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है. विपक्षी दलों के विरोध के कारण ही यह बिल पहले जेपीसी के पास भेजा गया था. अब वक्फ बिल के 2 अप्रैल को लोकसभा में पेश होने के बाद, इसकी पारित कराने की प्रक्रिया शुरू होगी. विपक्ष के विरोध के बावजूद, सरकार इसे पारित कराने के लिए सभी कदम उठा रही है. इस विधेयक की पारित होने की स्थिति में वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली में सुधार संभव होगा, जिससे वक्फ संपत्तियों के बेहतर उपयोग की उम्मीद जताई जा रही है.

# लाल और गेरुआ एक हुए : ममता

## भाजपा-लेफ्ट बंगाल में दंगे भड़काना चाहते हैं

## दोनों साथ मिलकर राजनीति कर रहे

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से सांप्रदायिक दंगों को बढ़ावा देने वाले उकसावे में नहीं आने की अपील की. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के निवासियों के साथ खड़ी है और कोई भी राज्य में तनाव नहीं पैदा कर सकता. कोलकाता के रेड रोड पर ईद के कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग दंगों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को उकसाने का काम कर रहे हैं, लेकिन कृपया इन जाल में न फंसें. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी रहेगी. कोई भी राज्य में तनाव नहीं फैला सकता.



साथ ही सीएम ममता बनर्जी ने मोथाबारी इलाके में हुई हिंसा के बाद तनाव के बीच सोमवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर कोलकाता में ईदगाह का दौरा किया. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दंगों को रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि लाल और गेरुआ दलों ने एक-दूसरे के साथ हाथ मिला लिया है. मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि हम सभी धर्मों के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि बहुसंख्यकों का कर्तव्य है कि वे अल्पसंख्यकों की रक्षा करें और अल्पसंख्यकों का कर्तव्य है कि वे बहुसंख्यकों के साथ शांतिपूर्वक रहें. हम किसी को दंगा नहीं करने देंगे. हमारी एक ही आवाज है, दंगे रोकना.

### भाजपा और मार्क्सवादी पार्टी पर किया कटाक्ष

साथ ही सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर आरोप लगाया कि ये दोनों दल आपस में मिलकर अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आम लोग अराजकता नहीं फैलाते, बल्कि यह राजनीतिक दलों द्वारा किया जाता है. आज लाल और गेरुआ एक हो गए हैं, यह शर्म की बात है. इसके साथ ही अपने बयान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि अगर भाजपा को अल्पसंख्यकों से समस्या है, तो क्या वे देश के संविधान को बदल देंगे?

## फास्ट ट्रैक

### अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में आग



**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई. ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है. घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है. अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी. धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा. जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया. ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया.

आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी. बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया. आग बुझाने की कोशिशें जारी है. आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया. जिसे शाम 6 बजे शुरू कर दिया गया है.

जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी. यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी. इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा.

# शिक्षा नीति में 3C एजेंडा

## इससे केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकता बढ़ेगी : सोनिया

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की आलोचना की है. अंग्रेजी अखबार द हिंदू के एक आर्टिकल में सोनिया गांधी ने लिखा, 'केंद्र सरकार शिक्षा नीति के माध्यम से अपने 3 सी एजेंडे (केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकता) को आगे बढ़ा रही है. शिक्षा नीति भारत के युवाओं और बच्चों की शिक्षा के प्रति सरकार की गहरी उदासीनता को दिखाती है.' सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान (SSA) के लिए ग्रांट रोककर राज्य सरकारों को पीएम-श्री योजना को लागू करने के लिए मजबूर किया है.



### अधिक जानकारी हासिल करनी चाहिए : फडणवीस

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'सोनिया गांधी को अधिक जानकारी हासिल करनी चाहिए और भारतीय शिक्षा प्रणाली के 'भारतीयकरण' का समर्थन करना चाहिए.' फडणवीस ने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि NEP भारत की शिक्षा प्रणाली का भारतीयकरण है.

### मोदी सरकार शिक्षा के ढांचे को कमजोर कर रही

सोनिया ने अपने लेख में केंद्र पर संघीय शिक्षा ढांचे को कमजोर करने का आरोप लगाया. उन्होंने लिखा- मोदी सरकार राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों से बाहर रखकर शिक्षा के संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है. शिक्षा नीति में केंद्र सरकार ने सारी ताकत अपने हाथ में ले ली है और सिलेबस और संस्थानों में सांप्रदायिकता फैलाई जा रही है. सोनिया ने शिक्षा नीति के लिए निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में राज्य सरकारों को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने बताया कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक सितंबर 2019 से नहीं हुई है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों के मंत्री शामिल हैं.

# 'लाल आतंक' का अंत!

## दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 45 लाख की इनामी नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा.** दंतेवाड़ा और बीजापुर बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 45 लाख की इनामी महिला नक्सली लीडर रेणुका उर्फ बानू को ढेर कर दिया. रेणुका DKSZC- दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी. शव के साथ एक इंसास राइफल, गोला बारूद और लैपटॉप बरामद किया गया. सोमवार सुबह नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों की टीम निकली थी. करीब 9 बजे जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया. दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग हुई. जवानों में घेरकर महिला नक्सली को ढेर किया है. इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था. बस्तर रेंज में जवानों ने 2025 में अबतक 119 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं.




### दो दिन पहले सुकमा में 17 मारे

सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और CRPF के 500-600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया था. इनमें 11 महिला नक्सली हैं. मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई थी.

# HAL ने रूस को नहीं दी कोई टेक्नोलॉजी

## NYT की रिपोर्ट को विदेश मंत्रालय ने किया खारिज



**नई दिल्ली.** भारत ने सोमवार को न्यूयॉर्क टाइम्स की उस रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें दावा किया गया था कि एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने रूस को हथियार आपूर्ति करने वाली एक ब्लैक लिस्ट में डाली गई एजेंसी को संवेदनशील तकनीक बेची है, जिसका सैन्य उपयोग हो सकता है. सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट की आलोचना करते हुए इसे तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया. आरोप लगाया कि इसे राजनीतिक रूप से गढ़ा गया है और तथ्यों को भ्रमित करने की कोशिश की गई है. विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रकाशित एक रिपोर्ट देखी है. यह रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है. इसमें राजनीतिक बयानबाजी के लिए मुद्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश की गई है." विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, "रिपोर्ट में उल्लिखित भारतीय इकाई ने रणनीतिक व्यापार नियंत्रण और अंतिम उपयोगकर्ता प्रतिबद्धताओं पर अपने सभी अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का ईमानदारी से पालन किया है.

# भूकंप से अब तक 2056 लोगों की मौत

## 3900 से ज्यादा घायल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली .** म्यांमार में 28 मार्च को आए भीषण भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,056 हो गई है, जबकि 3,900 से अधिक लोग घायल हैं और करीब 270 लोग अब भी लापता हैं. म्यांमार की सत्तारूढ़ जुंटा सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी. 7.7 तीव्रता के इस विनाशकारी भूकंप के बाद मलबे में फंसे लोगों को बचाने का अभियान जारी है. सरकार ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के सम्मान में एक हफ्ते के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है.

मांडले स्थित ग्रेट वॉल होटल के मलबे से एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया. तीन दिन बाद किसी को जीवित बचाना राहत की उम्मीद जगाता है.



### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

बैंकॉक में, बचावकर्मी एक निर्माणाधीन गगनचुंबी इमारत के मलबे में फंसे 76 लोगों को बचाने के लिए सोमवार को भी अभियान चला रहे हैं. इस इमारत का ढांचा भूकंप के प्रभाव से ढह गया था. रविवार तक, थाईलैंड में मरने वालों की संख्या 18 थी, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि मलबे से और शव बरामद हो सकते हैं.

# आतंकी पन्नू का अंबेडकर जयंती पर माहौल बिगाड़ने का दावा

## फिल्लौर में प्रतिमा पर लिखवाए नारे

**फिल्लौर .** सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अब पंजाब के फिल्लौर के नंगल क्षेत्र में खालिस्तानी नारे लिखने का दावा किया है. ये नारे डॉ. भीमराव अंबेडकर की एक प्रतिमा पर लिखे गए हैं. जहां पहले खालिस्तानी झंडा फहराया गया और सिख हिंदू नहीं हैं व SFJ खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिखे गए हैं. आतंकी पन्नू ने इस पूरी घटना का वीडियो भी जारी किया है. वीडियो में पन्नू आने वाले दिनों में पंजाब में बड़ी घटना को अंजाम देने की दावा कर रहा है. जिससे पंजाब का आपसी भाईचारा भी प्रभावित हो सकता है. पन्नू चाहता है कि 14 अप्रैल को भीमराज अंबेडकर जयंती पर राज्य की सभी प्रतिमाओं को हटाया जाए, क्योंकि संविधान के कारण ही सिखों को अलग पहचान नहीं मिली.

## थल से नभ तक दमखम | दोनों सेनाओं के बीच समन्वय और संचालन क्षमता को बढ़ाना

# 'टाइगर ट्रायम्फ' में साथ युद्धाभ्यास करेंगी भारत और अमेरिकी सेनाएं

**नई दिल्ली .** जमीन, समुद्र और आकाश, तीनों मोर्चों पर भारत-अमेरिका की सेनाएं साथ युद्धाभ्यास करेंगी. इस संयुक्त सैन्य प्रदर्शन को 'टाइगर ट्रायम्फ' नाम दिया गया है. इसमें दोनों देशों की सेनाएं न सिर्फ युद्धक कौशल का प्रदर्शन करेंगी, बल्कि आपदा प्रबंधन में भी नई मिसाल कायम करेंगी. दोनों देशों की सेनाओं के बीच होने वाला यह अभ्यास 2 अप्रैल से शुरू हो रहा है, जो पूर्वी तट पर विशाखापट्टनम और काकीनाडा के तटीय क्षेत्रों में 13 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा. इस संयुक्त युद्धाभ्यास का मुख्य उद्देश्य मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में दोनों सेनाओं के बीच समन्वय और संचालन क्षमता को बढ़ाना है. साथ ही, एक संयुक्त समन्वय केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया तैयार की जाएगी, जिससे किसी आपदा या संकट की स्थिति में भारतीय और अमेरिकी बलों के बीच तेजी से और प्रभावी समन्वय किया जा सके.



### युद्धाभ्यास में कौन जुड़ेगा

अभ्यास में शामिल होने वाले भारतीय दलों में नौसेना के INS जलाश्व, INS घड़ियाल, INS मुंबई, INS शक्ति शामिल हैं. जबकि, वायुसेना में C-130 विमान, MI-17 हेलिकॉप्टर और थल सेना में 91 इन्फैंट्री ब्रिगेड के जवान और विशेष रूप से रैपिड एक्शन मेडिकल टीम साथ रहेगी. वहीं, अमेरिकी दल में यूएसएस कॉमस्टॉक और यूएसएस राल्फ जॉनसन जहाज और अमेरिकी मरीन कॉर्प्स के सैनिक हिस्सा लेंगे.

CMYK

संपादकीय

# मोदी और संघ के संबंधों में सुधार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा में संघ मुख्यालय जाना एक बड़ा कदम है. इससे उनके और संघ के बीच संबंधों में सुधार हुआ है. इस यात्रा से भविष्य में पार्टी और सरकार में महत्वपूर्ण फैसलों में सहजता और सामंजस्यता आने की उम्मीद है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना. नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गए थे. उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे. वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके एजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी. पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गई है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं. इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़कर देखा गया. खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पाई तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही. इसके बाद दोनों तरफ से गलतफहमियां दूर करने की कोशिशों का नतीजा हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया. अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है. आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हटकर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं. ऐसा ही एक सवाल अगले पार्टी अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनने का है. माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा पार्टी और सरकार के भविष्य के लिहाज से अहम माने जाने वाले ऐसे कई मसलों पर फैसलों में तेजी लाएगी. पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा. हालांकि बीजेपी यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार के मौजूदा कार्यकाल में किसी तरह के बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, फिर भी संघ प्रमुख और पीएम मोदी की यह करीबी इस बात का संकेत है कि भविष्य की दिशा तय करने का काम अब ज्यादा सहजता और सामंजस्य के साथ होगा.

# 'राष्ट्र से जुड़ा कोई पहलू संघ से अछूता नहीं'

30 मार्च को आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती मनाई गई. इस मौके पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बताया कि संस्थापक ने कैसे संघ को यहां तक पहुंचाया. दत्तात्रेय होसबाले ने कहा हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता जो वर्ष प्रतिपदा यानी हिंदू कैलेंडर का पहला दिन है. डा. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की इस यात्रा के अवलोकन और विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता, जो वर्ष प्रतिपदा यानी हिंदू कैलेंडर का पहला दिन है. डा. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे.

भारतभूमि के प्रति उनका अगाध प्रेम और शुद्ध समर्पण बचपन से ही उनके क्रियाकलापों में दिखाई देता था. कोलकाता में मेडिकल की शिक्षा पूरी करने तक वे भारत को ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने के लिए हो रहे सभी प्रयासों यथा-सशस्त्र क्रांति से लेकर सत्याग्रह तक से परिचित हो चुके थे. संघ में डाक्टर जी के नाम से पहचाने जाने वाले डा. हेडगेवार ने मातृभूमि को दासता की बेड़ियों से मुक्त कराने वाले सभी प्रयासों का सम्मान किया और इनमें से किसी भी प्रयास को कमतर नहीं समझा.

मिला स्थायी समाधान उस दौर में सामाजिक सुधार या राजनीतिक स्वतंत्रता चर्चा के प्रमुख विषयों में से थे. ऐसे समय में भारतीय समाज के एक डाक्टर के रूप में उन्होंने उन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया, जिनकी वजह से हम विदेशी दासता की बेड़ियों में जकड़े गए. साथ ही उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान देने का भी निर्णय किया. उन्होंने अनुभव किया कि दैनिक जीवन में देशभक्ति की भावना का अभाव, सामूहिक राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास, जिसके परि-




णामस्वरूप संकीर्ण पहचान पैदा होती है तथा सामाजिक जीवन में अनुशासन की कमी, विदेशी आक्रमणकारियों के भारत में पैर जमाने के मूल कारण हैं. साथ ही उन्होंने इसका भी अनुभव किया कि विदेशी दासता में लोग अपने गौरवपूर्ण इतिहास को भूल चुके हैं. जिसके चलते उनके मन में अपनी संस्कृति और ज्ञान परंपरा के संबंध में हीन भावना घर कर गई है. उनका मानना था कि कुछ लोगों के नेतृत्व में केवल राजनीतिक आंदोलनों से हमारे प्राचीन राष्ट्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा. इसलिए उन्होंने लोगों को राष्ट्रहित में जीने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु निरंतर प्रयास की एक पद्धति तैयार करने का निर्णय किया. राजनीतिक संघर्ष से आगे की इस दूरदर्शी सोच का परिणाम हमें शाखा आधारित संघ की अभिनव और अनूठी कार्यपद्धति के रूप में देखने को मिलता है. भारत के राजनीतिक स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेकर दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए डा. हेडगेवार ने समाज के भीतर एक संगठन बनाने के बजाय पूरे समाज को संगठित करने के लिए इस कार्यपद्धति को विकसित किया.

मार्गदर्शक बनी योजना आज 100 वर्ष बाद भी हजारों युवा डा. हेडगेवार के बताए मार्ग पर चल रहे हैं और राष्ट्रहित में अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हैं. समाज में संघ की स्वीकार्यता और अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं. यह सब डॉक्टर जी की दृष्टि व कार्यपद्धति की स्वीकार्यता का संकेत है. इस आंदोलन और दर्शन का नित्य नूतन विकास किसी चमत्कार से कम नहीं है. हिंदुत्व और राष्ट्र के विचार को समझाना आसान कार्य नहीं था क्योंकि उस काल के अधिकांश अंग्रेजी शिक्षित बुद्धिजीवी राष्ट्रवाद की यूरोपीय अवधारणा से प्रभावित थे. राष्ट्रवाद की यह यूरोपीय अवधारणा संकीर्णता और बहिष्करण पर आधारित थी. डॉ. हेडगेवार ने किसी वैचारिक सिद्धांत का प्रतिपादन करने के बजाय बीज रूप में एक कार्ययोजना दी, जो इस यात्रा में मार्गदर्शक शक्ति रही है. उनके जीवनकाल में ही संघ का कार्य भारत के सभी भागों में पहुंच गया था. जब हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई, दुर्भाग्यवश उसी समय भारत माता का मजहब के आधार पर विभाजन हो गया. ऐसी कठिन परिस्थिति में संघ के स्वयंसेवकों ने नए बने पाकिस्तान में बंटवारे का दंश झेल रहे हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ पुनर्स्थापित करने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया. राष्ट्र चिंतन को सब समर्पित 'संगठन के लिए संगठन' का यह मंत्र राष्ट्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक ऊर्जा संचारित करने का कारण बना. स्वयंसेवक की अवधारणा मूल रूप से समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना है, जो शिक्षा से लेकर श्रम और राजनीति जैसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दिखा रही है. सब कुछ राष्ट्रीय चिंतन के आधार पर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए.

# ज्ञानेंद्र वजह से नेपाल में बवाल

नेपाल में राजशाही और हिन्दू राष्ट्र के लिए आंदोलन अगर नेपाल में कोई शख्स सबसे ज्यादा रहस्यमयी है, जिसके बारे में लोग कम जानते हैं तो वो पूर्व राजा ज्ञानेंद्र हैं. कई मामलों में उन पर उंगली उठी, लेकिन आरोपों का सच कभी सामने नहीं आ पाया. आज जनता जिस राजा ज्ञानेंद्र को वापस लाओ मुहिम के पीछे खड़ी है, वो सबसे विवादास्पद शख्सियत रहे हैं. नेपाल में फरवरी में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने जिस चिंगारी के बीज बोए, वो बीते शुक्रवार को फट पड़ी. काठमांडू में हजारों लोग इस मांग के साथ हिंसा पर उतर आए कि नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाओ. नेपाल में फिर से राजा का दौर लाओ. पूर्व राजा ने नेपाल की जनता से सीधे तौर पर समर्थन मांगा था, जिसके बाद जनता सड़कों पर उतर आई. 2 लोग मारे गए. कई इमारतों को आग लगा दी गई. फिलहाल नेपाल में शांति है. कर्फ्यू हट गया है, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं कि शांति बनी रहेगी. आइए जानते हैं आखिर कौन हैं पूर्व राजा ज्ञानेंद्र... जिनकी एक अपील पर 10 हजार लोग सड़कों पर उतर आए और हिंसा की. पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के लिए भले ही आज नेपाल में समर्थन



दिख रहा हो, लेकिन वो बेहद चर्चित और विवादास्पद भी रहे हैं. सत्ता से 16 साल से दूर हैं, लेकिन उनकी तूती बोलती है. हालांकि उन पर कई संगीन आरोप लगे हैं. जैसे भतीजे के जरिये अपने भाई राजा वीरेंद्र के पूरे परिवार को खत्म करा देने का आरोप.अगर नेपाल में कोई शख्स सबसे ज्यादा रहस्यमयी है, जिसके बारे में लोग कम जानते हैं तो वो पूर्व राजा ज्ञानेंद्र हैं. कई मामलों में उन पर उंगली उठी, लेकिन आरोपों का सच कभी सामने नहीं आ पाया. आज जनता जिस राजा ज्ञानेंद्र को वापस लाओ मुहिम के पीछे खड़ी है, वो सबसे विवादास्पद शख्सियत रहे हैं. राजा ज्ञानेंद्र के खिलाफ सबसे बड़ा मसला है ज्ञानेंद्र के बड़े भाई राजा वीरेंद्र शाह के परिवार का खात्मा. दुनिया को दहला देने वाला ये कांड 2001 में हुआ था. दुनिया ये जानती है और आरोप भी यही है कि राजा वीरेंद्र के बड़े बेटे राजकुमार दीपेंद्र ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया था, लेकिन सवालों के घेरे में राजा ज्ञानेंद्र हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि जब ये जघन्य हत्याकांड हुआ था, तब वीरेंद्र के पूरे परिवार का खात्मा हो गया था, लेकिन 1 जून 2001 को जिस शख्स का बाल भी बांका नहीं हुआ था वो थे राजा वीरेंद्र के छोटे भाई ज्ञानेंद्र. आज भी यह सवाल अनसुलझा है कि क्या राजा वीरेंद्र के पूरे परिवार के खात्मे के पीछे साजिश ज्ञानेंद्र की थी, जो सत्ता हासिल करना चाहते थे, ये संयोग कैसे हो सकता है कि उस रात पार्टी में ज्ञानेंद्र शाह मौके पर नहीं थे. इतना ही नहीं ज्ञानेंद्र शाह का पूरा परिवार भी पार्टी में नहीं था. कहा जाता है कि पूरी साजिश में कहीं न कहीं राजा ज्ञानेंद्र का भी रोल रहा था. कुछ सालों तक राजा ज्ञानेंद्र बतौर हिदू शासक नेपाल पर राज करते रहे, लेकिन उनका कार्यकाल काफी विवादों से भी भरा रहा था.

# नर्स ने बचाया मासूमों को



बिम्यांमार में शुक्रवार (28 मार्च) को 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 1,644 लोगों की मौत हो गई और 3,400 से ज्यादा लोग घायल हो गए. भूकंप के झटके थाईलैंड, चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे कई पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए. इस बीच चीन के युन्नान के एक अस्पताल में सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि प्रसूति वार्ड की 2 नर्सें अपनी जान जोखिम में डालकर नवजात शिशुओं की रक्षा कर रही थीं, जबकि भूकंप से पूरा अस्पताल हिल रहा था. भूकंप के दौरान नर्सों ने बचाई नवजातों की जान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि भूकंप के समय वार्ड में बच्चों के पालने भरे हुए थे. तेज झटकों की वजह से पहिएदार बिस्तर पूरे कमरे में इधर-उधर लुढ़कने लगे. एक नर्स, जो फर्श पर बैठी थी और गोद में एक बच्चा लिए हुए थी, उसने झटके से हिलते एक पालने को पकड़ लिया ताकि वह गिर न जाए. वहीं, पास में खड़ी दूसरी नर्स ने 2 पालनों को संभालने के लिए तुरंत कदम बढ़ाया, ताकि बच्चों को कोई नुकसान न हो. जैसे-जैसे भूकंप तेज होता गया, पानी का फिल्टर जोर-जोर से हिलने लगा, जिससे पानी फर्श पर फैल गया. गीले फर्श पर फिसलने के बावजूद नर्सें नवजात शिशुओं को सुरक्षित रखने की कोशिश करती रहीं. पहली नर्स, जो झटकों की वजह से फर्श पर घसीट रही थी, उसने बच्चे को मजबूती से पकड़ रखा था और दूसरे हाथ से पालनों को टकराने से रोकने की कोशिश कर रही थी, ताकि बच्चों को कोई नुकसान न हो. सामने आए लोगों के रिएक्शन एक एक्स यूजर ने लिखा, ₹संकट के समय सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करने की इनकी भावना वाकई प्रेरणादायक है.₹ दूसरे ने कहा, ₹यह एक साथ डरावना और खूबसूरत है! ये नर्सें सच्ची हीरो हैं !₹ एक और यूजर ने लिखा, ₹यह बहुत भावुक कर देने वाला है. हम दुनिया में हर जगह इंसानियत और दया देख सकते हैं.₹ भूकंप दोपहर 12:50 बजे (स्थानीय समयानुसार) म्यांमार के सागाइंग के उत्तर-पश्चिम में आया. इससे कई इमारतें गिर गईं, सड़कें टूट गईं और हज़ारों लोग मलबे में फंस गए. पड़ोसी देश थाईलैंड में भी इसका असर देखा गया. वहां आपातकालीन टीमें बैंकॉक में गिरी हुई इमारत में फंसे लोगों को बचाने में जुटी हैं.

# राशिफल



■ **मेष**: इस राशि के जातकों के लिए दिन का दूसरा भाग अधिक लाभप्रद रहेगा. वैसे कुल मिलाकर कहा जाए तो दिन अच्छा रहेगा. नौकरी पेशा लोगों को नौकरी में लाभ और प्रोत्साहन मिलेगा. आपके अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे, जिससे आपकी स्थिति और बेहतर होगी. यदि आप साझेदारी में व्यापार कर सकते हैं तो आपको व्यापार में लाभ मिलेगा और साझेदारों से सहयोग प्राप्त होगा.

■ **वृषभ**: आप कुछ पारिवारिक विषयों को लेकर उलझन में रह सकते हैं. कार्यक्षेत्र में भी तनाव बना रहेगा. विपरीत लिंगी मित्र और सहकर्मी से आपको सहयोग मिलेगा. अकाउंट के काम से जुड़े जातकों के लिए दिन काफी महत्वपूर्ण रहेगा. किसी सूचना से आपको खुशी मिलेगी.

■ **मिथुन**: आपकी कार्य क्षमता और आपकी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मान मिल सकता है. आपका प्रभाव भी बढेगा. आपके परिवार में भी आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा. अगर आप कोई सामाजिक कार्य करना चाहते हैं या किसी सामाजिक संस्था से जुड़ना चाहते हैं तो इसके लिए दिन अच्छा है. आपको सामाजिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा.

■ **कर्क**: दिन का दूसरा भाग आपके लिए अधिक उत्तम रहेगा. आप कोई नया काम भी शुरू कर सकते हैं. कारोबार में आपको लाभ का मौका मिलता रहेगा. आप कोई साहसिक कदम उठाकर भी लाभ पा सकते हैं. घर परिवार में आपके प्रेम और सद्भाव बना रहेगा. माता पिता की ओर से सहयोग पाएंगे.

■ **सिंह**: दिन सुखद और बेहतर रहेगा लेकिन सेहत के मामले में आपका अपना ध्यान रखने की जरूरत है. खानपान और मौसम का ध्यान रखते हुए आहार व्यवहार अपनाना आपके लिए सही रहेगा. दिन के दूसरे भाग में आप अधिक सक्रिय होंगे और स्वास्थ्य में भी सुधार महसूस करेंगे.

■ **कन्या**: आपके मन में कई तरह के विचार आएंगे और आप प्रसन्न रहेंगे. आपकी रचनात्मकता बढेगी. छात्र अपनी शिक्षा और करिअर पर अधिक फोकस कर पाएंगे. आप अपने कारोबार व्यापार के विस्तार के लिए भी कुछ प्लान कर सकते हैं. आर्थिक लाभ के अवसर आपको मिलते रहेंगे. घर परिवार में कोई उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है और इस विषय में आप कोई प्लान कर सकते हैं.

■ **तुला**: आपके प्रभाव में वृद्धि होगी. यदि आपकी जमीन या उससे जुड़ा कोई मामला कोर्ट में चल रहा था तो आपको उसमें सफलता मिल सकती है, आपका पक्ष मजबूत होगा. आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा, कमाई से मन आनंदित होगा. आपके आस-पड़ोस या परिवार में कोई विवाद होता है तो आपको धैर्य धारण करना चाहिए और मसलों को समझदारी से हल करना चाहिए.

■ **वृश्चिक**: राशि के जातकों को सेहत के मामले में जोखिम और लापरवाही बचना चाहिए. कारोबार में आपको प्रतिद्वंद्वियों से सतर्क रहने की जरूरत है. कोई डील अटकी है तो किसी से तब तक कोई जिक्र न करें जब तक कि बात पक्की न हो जाए. आर्थिक मामलों में आपके सितारे कहते हैं कि शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं तो जरा मार्केट को अच्छे से समझ लें.

■ **धनु**: आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन की स्थिति बनी रह सकती है. आप किसी अनहोनी की आशंका से डरे रहेंगे, जिसके कारण आपको मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है. जहां तक आपके वैवाहिक संबंधों की बात है तो जीवनसाथी के साथ आपका प्रेम और तालमेल बना रहेगा. इनसे आपको सहयोग और प्रोत्साहन मिल सकता है.

■ **मकर**: दिन कारोबार व्यापार में लाभ दिलाने वाला रहेगा है. जो लोग शेयर मार्केट से जुड़ा काम करते हैं उनके लिए दिन व्यस्तता भरा और लाभकारी भी रहेगा. काम के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है. आपकी प्रगति के रास्ते खुल सकते हैं, कोई अच्छी डील मिलने से आपको सफलता मिल सकती है.

■ **कुंभ**: यह दिन इस राशि के जातकों के लिए शुभ लाभदायक रहेगा. कारोबार में तेजी रहने से आप मुनाफा कमा पाएंगे. आपका और आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपका मन भी संतुष्ट रहेगा. अगर परिवार में लंबे समय से कोई मतभेद चल रहा है तो वह समाप्त होगा.

■ **मीन**: दिन मीन राशि के लिए उतार चढाव भरा रह सकता है. परिवार के किसी निकट सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है. व्यापारियों के लिए दिन तनावपूर्ण रह सकता है. व्यापारियों की नजर पूरे दिन मार्केट के अप डाउन पर लगा रहेगा. निवेश सावधानी से करें.

## फिल्म वर्ग पहेली- 403



**ऊपर से नीचे:-**

1. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-4
2. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-4
3. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-2
4. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-3
5. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-2
6. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-5
7. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-2
9. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-3
11. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-2,2,3
12. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-2,1,3
13. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-3
16. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-3
17. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-2
18. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-3
22. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-2
23. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-2

**बायें से दायें:-**

1. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-3
3. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-2
4. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-3
7. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-4
8. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-2,2
9. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-3
10. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-2
11. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-2
14. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-3
15. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-2,2,1
17. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-2,3
19. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-3
20. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-3
21. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-2
23. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-3
24. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-2,1,2
25. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-3

**फिल्म वर्ग पहेली- 402 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | वा | ह | | इ | श्क | वि | श्क | | टा |
| द्या | | मे | | श्क | | धा | | फ | र्ज |
| बा | द | शा | ह | | शै | ता | न | | न |
| ल | | | सी | मा | | | का | ल | |
| न | ज | रा | ना | | श | बा | ब | | सं |
| | मी | ना | | ना | रा | ज | | दा | ता |
| आ | न | | का | | बी | | ना | दा | न |
| शि | | जो | शी | ले | | फि | जा | | |
| क | शि | श | | कि | ला | | य | हू | दी |
| | वा | | डॉ | न | | आ | ज | | पा |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 403

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 14 | 26 | 16 | 22 | | 30 | 21 | |
| 27 | 8 | | 2 | | 5 | | 9 | | 11 |
| 32 | | 5 | | 7 | | | | 2 | 10 |
| | | | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | | | 7 | | 5 | 25 |
| 22 | 6 | | 3 | | | | 2 | | 12 |
| 36 | | 3 | | 7 | | 8 | | | |
| 13 | 5 | | | | 6 | | 7 | | 28 |
| 11 | | 6 | | 3 | | 7 | | 5 | 25 |
| | 24 | 29 | | 20 | 16 | 44 | 15 | 8 | |

**अंकजाल 402 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 22 | 40 | 43 | | | 15 | 21 | |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 22 | 4 | 9 | 2 | 7 | | 8 | 7 | 5 | 20 |
| | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 35 |
| | | | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 33 |
| 38 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | | | |
| 40 | 5 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | |
| 19 | 5 | 8 | 6 | | 6 | 8 | 7 | 3 | 24 |
| 18 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 2 | 7 | 5 | 17 |
| | 22 | 18 | | | 26 | 48 | 21 | 16 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 403

शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | म | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | वा | ब | लि | दा | न | म | मौ | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | मं | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |

मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पांडे, मन की आंखें.

**शब्दजाल - 402 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | उ | त्त | र | प्र | दे | श | ब | ना | क | प्र |
| ती | क | ती | ति | ल | क | व | जी | ग | कृ | गु |
| के | ड़ | रा | त | त | मि | ल | ना | डु | आ | ज |
| र | क | के | ज | ज | जा | पु | का | प्र | प | रा |
| ल | प्र | क | का | स्था | ग | प्र | अ | प्र | श | त |
| झ | झा | का | प्र | ल | न | ह | झ | दे | ना | ण |
| घ | र | ती | श | षी | म | प्र | प्र | से | क | क |
| ला | खं | क | ता | तै | ई | ध्य | ब | र्ना | फ | लो |
| श | ड | प्र | बि | हि | म | ई | ट | प्र | री | प |
| प | जा | द | र | हा | प | क | जी | उ | ड़ी | सा |
| प | प्र | क | क | प्र | र | है | या | रा | बा | प्र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# 'महागठबंधन में सीट शेयरिंग बहुत मुश्किल'



चिराग पासवान ने महागठबंधन पर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है और कहा है कि वह अपनी पुराने दिनों को याद करें. मुझे नहीं लगता है कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक होने वाला है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 दिनों के दौर में पर पटना में रहे. इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान सहित सभी पांचों घटक दल के नेताओं के साथ फोटो सेशन भी किया गया. सभी पार्टी के नेता एकजुट दिखे तो महागठबंधन पर सवाल भी उठाया गया कि वहां सब कुछ ठीक नहीं है. इसको लेकर बयानबाजी और हमला भी किया जा रहा है. अब इस सवाल पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सुप्रीमो चिराग पासवान ने महागठबंधन पर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है और कहा है कि वह अपनी पुराने दिनों को याद करें, मुझे नहीं लगता है कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक होने वाला है. चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं है. इस तरह की बयानबाजी और हमला तो लोकसभा चुनाव में भी किया गया था, लेकिन कितने अच्छे से शीट शेयरिंग लोकसभा में हो गई थी. यह वो हमला है जो समय समय पर किया जाता है. उन्होंने कहा कि जब हमला हम पर करते हैं तो यह बात महागठबंधन के लोग भूल जाते हैं कि सीट शेयरिंग का मामला महागठबंधन में ही फंसता है. इसके बाद चिराग पासवान ने 2020 में मुकेश साहनी की नाराजगी की बात को दोहराते हुए बगैर किसी का नाम लेते हुए कहा कि महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस से ही इनके घटक दल के पीठ में खंजर भोंका गया, कह के उठ के जाना पड़ता है. वहीं उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सीट शेयरिंग महागठबंधन के लिए कभी सहज नहीं रहा. महागठबंधन में कांग्रेस को पिछली बार 70 सीट दी गई थी, अभी तो वहां पर वर्चस्व की लड़ाई होगी. उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस कभी भी यह नहीं चाहेगी कि 70 सीटों से कम सीट हम लोग को मिले और उतनी उन्हें मिलनी भी चाहिए, वे राष्ट्रीय पार्टी है उनका हक बनता है कि वह ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े. लेकिन इस बात की टिस आरजेडी को भी है कि कांग्रेस के चलते आरजेडी सत्ता में पहुंचते पहुंचते पीछे रह गई.

जनसंवाद नेटवर्कस् प्रा. लि. हेतु राष्ट्रबाण (प्रेस) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य द्वारा यह मुद्रित कर 101/5 गणेश स्नेहल अपार्टमेंट नागपुर-22 से प्रकाशित. प्रधान संपादक - *विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य, *पी. आर. बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार ■ इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत है. उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरुरी नहीं. RNI Reg. No. HIN/72804 ■ फोन नं. 0712-7966355, rashtrabaanngp@gmail.com

# 'झूठ मत फैलाइए, चर्चा करिए'

## वक्फ बिल को लेकर बोले किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली.** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बिल को लेकर कहा कि कुछ दल और संगठन लोगों को गुमराह कर रहे हैं. कुछ भी बोलने से पहले बिल को पढ़ें और फिर तर्क दें. झूठ बोलकर समाज को गुमराह ना करें. उन्होंने बताया कि बिल को लाने की तैयारी पूरी कर ली गई है.

सोमवार को वक्फ बिल पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किरेन रिजिजू ने कहा, 'वक्फ बिल को लेकर कुछ दल और संगठन गुमराह कर रहे हैं. वो झूठ ना बोलें. बिल को पढ़कर बोलें और तर्क दें. झूठ बोलकर समाज को गुमराह न करें.'

### 'बिल को लाने की तैयारी पूरी कर ली गई है'

उन्होंने कहा, 'हमने बिल को लाने की तैयारी पूरी कर ली है. कब लाएंगें वो आपको बता देंगे. जो संगठन बिल के नाम पर तनाव पैदा कर रहे हैं, हमने उनकी पहचान की है. जिन संगठनों ने ईद पर पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने को बोला वो लोग गलत कर रहे है. मस्जिद, कब्रिस्तान या मुस्लिम जमीन छीने जाने की बात करके गुमराह किया जा रहा है.' संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, 'वक्फ अधिनियम को असंवैधानिक कहना सबसे बड़ा झूठ है. हम किसी की जमीन कैसे छीन सकते हैं? वक्फ पर गलत सूचना फैलाने वाले ये लोग कौन हैं. मैं मीडिया से भी अनुरोध करता हूं कि वे गलत सूचना फैलाने वाले ऐसे लोगों की पहचान करें. किसी भी बिल पर इस स्तर की चर्चा नहीं हुई.'

### 'ईद के दिन झूठ नहीं बोलना चाहिए'


किरेन रिजिजू ने कहा, 'जब CAA लाया गया था, तब भी उन्हीं लोगों ने विरोध किया था. मैं फिर से कह रहा हूं कि अगर आपको कोई आपत्ति है तो कृपया सदन में इस पर चर्चा करें. आज ईद का पावन दिन है, झूठ नहीं फैलाना चाहिए. ईद के दिन जो झूठ बोले वो नकली आदमी है. ओवैसी बहुत समझदार हैं. उन्हें पता है कि वो क्या कह रहे हैं. उन्हें पता है कि वो झूठ बोल रहे हैं. इस बिल के पास होने के बाद ओवैसी जैसे लोग राजनीतिक रूप से कैसे टिक पाएंगे.'

### 'जरूरत पड़ी को बढ़ाया जाएगा सत्र'

बजट सत्र बढ़ाने के संकेत देते हुए रिजिजू ने कहा, 'अगर जरूरत पड़ी तो सत्र बढ़ाया जा सकता है.' उन्होंने कहा, 'ये देश संविधान कानून से चलता है कोई किसी की जमीन कैसे छीन सकता है. कौन लोग, दल या पार्टी है जो झूठ बोलकर बरगला रही है, इनके चेहरों को पहचानिए. अपने देश को बदनाम करना बहुत गलत है. ये बिल जेपीसी में गया. जितनी चर्चा इस पर हुई उतनी तो किसी बिल पर नही हुई. जिस दल को कुछ बोलना है वो संसद में रखे. हम चर्चा करने को तैयार हैं.

## वक्फ में बदलाव जरूरी...

### अजमेर दरगाह के चिश्ती बोले



नई दिल्ली. केंद्र सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने जा रही है. लेकिन इस विधेयक पर विपक्ष का विरोध जारी है. इस बीच ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम गंगा-जमुनी तहजीब वाले देश में रह रहे हैं. यहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग मिलजुलकर रह रहे हैं और यही हमारी ताकत है. उन्होंने कहा कि मोदी जी ने यह सुनिश्चित किया है कि 'सौगात-ए-मोदी' देश के 22 लाख लोगों तक पहुंचे. मेरा मानना है कि वक्फ बिल में संशोधन की जरूरत है. उम्मीद है कि इस बिल से पारदर्शिता आएगी. विरोध और समर्थन करना लोकतंत्र का हिस्सा है. संवैधानिक तरीके से अगर कोई विरोध कर रहा है तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मेरा मानना है कि वक्फ में बदलाव की जरूरत है. सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि संशोधन का मतलब यह कतई नहीं है कि मस्जिदें या संपत्तियां छिन जाएंगी. यह कहना गलत होगा. यह लोकतंत्र का हिस्सा है. सरकार को कोई जल्दबाजी नहीं है, जेपीसी में चर्चा के बाद बड़ी तसल्ली से यह बिल लाया गया है. सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने दावा किया कि उन्हें पूरा यकीन है कि संशोधन के बाद वक्फ के काम में पारदर्शिता आएगी और वक्फ की संपत्ति प्रोटेक्ट की जाएगी. अतिक्रमण हटेगा और वक्फ का किराया बढ़ेगा जो कौम के लिए काम आएगा.उन्होंने कहा कि जहां कई मुस्लिम धर्मगुरु इस बिल का समर्थन कर रहे हैं, वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड इस पर आपत्ति जता रहा है.

# इलाहाबाद HC के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन करेगा बच्ची की पैरवी



**सौंसर.** बच्ची से बलात्कार के प्रयास के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर तीखी टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट की रोक को ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में अहम कदम करार दिया है. शीर्ष अदालत ने इस फैसले के खिलाफ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते हुए उसे पीड़िता की पैरवी की इजाजत दी है. बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) इस कानूनी लड़ाई की अगुवाई करेगा ताकि पीड़िता की गरिमा और अधिकारों की रक्षा हो सके और उसके साथ न्याय सुनिश्चित हो. पांढुर्णा में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए कार्य कर रहा ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का एक अहम सहयोगी है. ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक विजय धवले ने कहा, "अगर देश में एक भी बच्चा अन्याय का शिकार है तो जेआरसी उसके साथ है. न्यायपालिका बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील है जो सुप्रीम कोर्ट के मामले का स्वतः संज्ञान लेने से स्पष्ट है. जेआरसी अब इस बच्ची को न्याय दिलाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा. जेआरसी बच्चों के लिए एक न्यायपूर्ण दुनिया बनाने की लड़ाई लड़ रहा है और हम जिले से बच्चों के खिलाफ बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल मजदूरी जैसे अपराधों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं." सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के साथ ही तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह स्तब्ध करने वाला और असंवेदनशील फैसला है. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 11 साल की एक पीड़िता के मामले में फैसले में कहा था कि वक्ष पकड़ना, सलवार का नाड़ा खोलना और उसे घसीट कर पुलिया के नीचे ले जाने को बलात्कार का प्रयास नहीं माना जा सकता. शीर्ष अदालत ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी किए हैं. मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की खंडपीठ ने हाई कोर्ट के फैसले में जाहिरा तौर पर नजर आने वाली असंवेदनशीलता पर कड़ी आपत्ति जताई और उसकी टिप्पणियों को "चौंकाने वाला और कानून की किसी भी समझ से रहित" करार दिया. जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन और पीड़िता के परिवार की ओर से अधिवक्ता रचना त्यागी ने कहा, ₹इस मामले में साढ़े तीन साल से अधिक समय तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई और तीन साल से ज्यादा समय तक कानूनी कार्यवाही बिना किसी औपचारिक जांच के चलती रही. एक गरीब और कमजोर परिवार की इस बच्ची के साथ यह लापरवाही गंभीर अन्याय है. हमें इस बात से राहत मिली है कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारी विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार कर लिया है. हम पीड़िता की हरसंभव मदद और उसे न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.₹ खंडपीठ ने विवादित फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि फैसले में की गई कुछ टिप्पणियां, विशेष रूप से पैरा 21, 24 और 26 की सामग्रियां घोर असंवेदनशील हैं. पीठ ने कहा कि यह फैसला चार महीने लंबी विचार-विमर्श की प्रक्रिया के बाद आया, फिर भी यह अमानवीय और कानून के सिद्धांतों के विपरीत है. निचली अदालत ने इसे बलात्कार के प्रयास का मामला मानते हुए आरोपियों पवन और आकाश को आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत तलब किया था. लेकिन इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फैसले में कहा कि बच्ची के वक्ष को छूना और उसे जबरन पुलिया के नीचे घसीटकर ले जाना, फिर राहगीरों के पहुंचते ही भाग जाना, कानूनन बलात्कार के प्रयास आईपीसी की धारा 376/511) या पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता. इस आधार पर हाई कोर्ट ने आरोपी पर लगाए गए आरोपों में फेरबदल कर दिया और उस पर धारा 354(बी) और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 लगाई गई.

# IFS निधि तिवारी बनीं पीएम मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी



**नई दिल्ली.** डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग (DoPT) ने हाल ही में मंत्रालय में कई अधिकारियों के कामों में फेरबदल किए हैं, इसी सिलसिले में आईएफएस निधि तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव (प्राइवेट सेक्रेटरी) बना दिया गया है. जानकारी दे दें कि निधि तिवारी 2014 बैच की इंडियन फॉरेन सर्विस की अधिकारी हैं. DoPT को ओर से जारी आदेश के मुताबिक, निधि तिवारी वर्तमान में पीएमओ में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं थी, लेकिन अब वे पीएम की पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में काम करेंगी.

निधि तिवारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीए रही हैं, जिस देखते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है. प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में निधि तिवारी को कई जरूरी महत्वपूर्ण कार्य संभालने होंगे, जिनमें प्रधानमंत्री के रोजाना कार्यों का समन्वय, महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ तालमेल रखना इत्यादि होगा.

**कौन हैं निधि तिवारी ?:** निधि तिवारी 2014 बैच की इंडियन फॉरेन सर्विस की अधिकारी हैं, वह अभी पीएमओ में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं थी. आईएफएस निधि तिवारी को नवंबर 2022 में पीएमओ का उप सचिव बनाया गया था.

### क्या-क्या सुविधाएं मिलतीं है इस पद पर?

**मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पीएमएमओ ऑफिस में निजी सचिव के पद पर काम करने वाले अधिकारियों की सैलरी पे मैट्रिक्स लेवल 14 के मुताबिक मिलता है. इस लेवल पर अधिकारियों की सैलरी 1,44,200 रुपये प्रति माह होती है. साथ ही इन अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता और अन्य कई भत्ते दिए जाते हैं. इसके अलावा, उनको एक गाड़ी, पीएम आवास के पास घर और चौकीदार, सुरक्षाकर्मी तक दिए जाते हैं.**

पीएमओ में आने से पहले वह विदेश मंत्रालय (MEA) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के डिवीजन में अवर सेक्रेटरी थीं. अधिकारी वाराणसी की मेहमूरगंज की रहने वाली हैं, उन्हें 2013 के सिविल सर्विस एग्जाम में 96वीं रैंक हासिल हुआ था, तैयारी के समय में वह वाराणसी में ही असिस्टेंट कमीश्नर (कॉमर्शियल टैक्स) के अधिकारी थीं.

# कठुआ एनकाउंटर में शहीद जवानों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी

## उपराज्यपाल ने किया वादा



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए 4 पुलिसकर्मियों के परिवारों से मुलाकात की और उनके प्रति अपनी संवेदना और समर्थन व्यक्त किया. कठुआ जिले के सान्याल बेल्ट के सुदूर जंगली इलाके में गुरुवार को भीषण गोलीबारी में घुसपैठ कर रहे 2 आतंकवादी और 4 पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि एक पुलिस उपाधीक्षक सहित 3 अन्य घायल हो गए.

सिन्हा ने कठुआ जिले के कन्ना चक में बलविंदर सिंह चिब के घर का दौरा किया, जहां उन्होंने उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की. इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास लोंदी गांव में जसवंत सिंह के परिवार से मुलाकात की और परिवार को समर्थन दिया. बाद में, वह रियासी जिले के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने चंबा गांव में पुलिस अधिकारी तारिक अहमद के परिवार से मुलाकात की.

**पत्नियों ने नागरिक विभागों में नौकरी मांगी:** उपराज्यपाल ने परिवारों को अगले परिजनों, ज्यादातर शहीद पुलिसकर्मियों की विधवाओं के लिए सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया. एलजी ने परिवारों से कहा कि देश की जनता उनके साथ है और सरकार की ओर से पूरा सहयोग सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे. पत्नियों ने नागरिक विभागों में नौकरी की मांग की, क्योंकि उनके पास छोटे बच्चे हैं, जिनकी देखभाल करनी है. एलजी ने जम्मू जिले के अखनूर इलाके के हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह के परिवार से भी मुलाकात की और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की.

### सान्याल गांव में पकड़ाए आतंकी

लोगों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पिछले रविवार को पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सान्याल गांव में नर्सरी में बने एक बाड़े में आतंकवादियों के एक समूह को पकड़ा. उनका पता लगाने के बाद जिले के सान्याल गांव में मुठभेड़ हुई, जिसमें गुरुवार को दो आतंकवादी और चार पुलिसकर्मी मारे गए. हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह का शव शनिवार को घाटी-जुथाना जंगल से बरामद किया गया.

### जैश ए मोहम्मद से जुड़े थे आतंकी

प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े माने जा रहे दो आतंकवादियों के शव और युद्ध के सामान भी बरामद किए गए. शुक्रवार शाम को तीन पुलिसकर्मियों - बलविंदर सिंह चिब, जसवंत सिंह और तारिक अहमद - के शव बरामद किए गए. पाकिस्तान स्थित आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के छद्म संगठन पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट ने मुठभेड़ में शामिल होने का दावा किया है.

# आर्थिक तंगी से जूझ रहा मजदूर

## इनकम टैक्स ने भेजा 11 करोड़ रुपये का नोटिस, परिवार सदमें में




**अलीगढ़.** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से एक बहुत ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है. यहां एक मजदूर जो कि आर्थिक तंगी का शिकार है उस पर परेशानी का एक और बड़ा पहाड़ टूटकर गिर पड़ा है. दरअसल, आर्थिक तंगी के बीच शख्स को आयकर विभाग ने 11 करोड़ रुपये का नोटिस भेज दिया है. इस घटना के बाद से शख्स का परिवार सदमे में है. शख्स ने इस घटना के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है.

**क्या है पूरा मामला ?:** दरअसल, अलीगढ़ में आर्थिक तंगी से जूझ रहे स्प्रिंग कारीगर योगेश शर्मा को आयकर विभाग की ओर से 11 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है. इस नोटिस के मिलने के बाद से पूरा परिवार सदमें में है. ताले की स्प्रिंग बनाने वाले कारीगर योगेश शर्मा को आयकर विभाग से कुल 11 करोड़ 11 लाख 85 हजार 991 रुपये का नोटिस मिला है. पीड़ित योगेश शर्मा मजदूरी पर ताले की स्प्रिंग बनाने का काम करता है. योगेश शर्मा की पत्नी पिछले 2 वर्ष से टीबी की गंभीर बीमारी से ग्रसित है. योगेश शर्मा म किराए के मकान में रहता है और ताले की स्प्रिंग बनाने के कारीगर तके तौर पर काम करता है.

### पीएम मोदी और सरकार से न्याय की गुहार

आयकर विभाग से मिले 11 करोड़ रुपये के नोटिस के बाद पीड़ित योगेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार से न्याय की गुहार लगाई है. योगेश शर्मा का कहना है कि कुछ माह पहले भी आयकर विभाग ने उन्हें 10 लाख रुपए का नोटिस भेजा था. नए नोटिस को लेकर योगेश शर्मा ने कहा है कि जांच के बाद ही सच्चाई का पता चल पाएगा. पीड़ित योगेश शर्मा अलीगढ़ के थाना गांधी पार्क इलाके के नौरंगाबाद नौ देवी मंदिर के सामने का रहने वाला है.

# दिल्ली में हेरोइन तस्करी का भंडाफोड़

## महिला समेत 2 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली में नशे के बढ़ते जाल पर शिकंजा कसते हुए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. पुलिस ने अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़े 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 548 ग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है.

ANTF टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर हेरोइन की सप्लाई की जा रही है. इस इनपुट के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और 4 दिसंबर 2024 को पूजा देवी नाम की महिला को 415 ग्राम हेरोइन के साथ धर दबोचा. पूछताछ में उसने कबूल किया कि यह नशा रोहित नामक शख्स से लिया गया था, जो सुल्तानपुरी इलाके में रहता है.

## फास्ट ट्रैक

### पहली पत्नी को नहीं दिया तलाक, झूठ बोलकर की सेकेंड मैरिज

**हैदराबाद.** अगर पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी शादी की जाती है, तो वह शादी शुरू से ही अवैध मानी जाएगी. अगर दूसरी पत्नी को शादी से पहले झूठी जानकारी देकर यानी धोखे से सहमति ली गई तो यह रेप माना जाएगा. ऐसी स्थिति में दूसरी पत्नी गुजारा भत्ते की हकदार भी है.

तेलंगाना हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य और जस्टिस बी.आर. मधुसूदन राव की बेंच ने यह फैसला दिया. हैदराबाद फैमिली कोर्ट ने दूसरी पत्नी के गुजारा भत्ता की मांग को खारिज कर दिया था.

तलाक दिए बिना की शादी एक शख्स की दूसरी पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 (अवैध विवाह), धारा 5 (हिंदू विवाह के लिए शर्तें) और धारा 25 (स्थायी गुजारा भत्ता) के तहत याचिका दायर की थी. कोर्ट को महिला ने बताया कि उसके पति ने पहली पत्नी को तलाक दिए बिना उससे शादी की.

# मैंने किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की

## संसद में अवैध खनन मुद्दे पर पर बोले रावत



**नई दिल्ली.** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में अवैध खनन को लेकर दिए गए बयान पर सफाई दी है. उन्होंने कहा कि उनके बयान को किसी व्यक्ति विशेष से जोड़कर न देखा जाए, क्योंकि उन्होंने व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए यह मुद्दा उठाया था. रावत ने कहा कि उनका मकसद राज्य में अवैध खनन और उससे होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को उजागर करना था, न कि किसी अधिकारी या व्यक्ति को निशाना बनाना.

बता दें कि हाल ही में संसद में उत्तराखंड में अवैध खनन का मामला उठाते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा था कि राज्य में खनन गतिविधियों में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है. उन्होंने आरोप लगाया था कि अवैध खनन के कारण पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है और सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. रावत के बयान के बाद आईएएस एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताई थी और उनके बयान को अधिकारी वर्ग पर सीधा हमला बताया था. त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान पर उत्तराखंड आईएएस एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि सांसद का बयान अफसरों की निष्पक्षता और ईमानदारी पर सवाल खड़ा करता है. एसोसिएशन के विरोध के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत बैकफुट पर आ गए और उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है.

# आगे कुआं-पीछे खाई !

## 30 लाख अफगानियों पर गिरेगी गाज

**वाशिंगटन.** पाकिस्तान ने इस साल करीब 30 लाख अफगानी नागरिकों को देश से निकालने का फैसला लिया है. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और आस-पास के इलाकों में रहने वाले अफगानियों के लिए देश छोड़ने की आखिरी तारीख सोमवार को खत्म हो रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, अवैध तरीके से पाकिस्तान में रह रहे विदेशियों खासकर अफगानी नागरिकों को देश से निकालने का फैसला अक्टूबर 2023 में लिया गया था.

### ईद के चलते मिली 10 दिनों की मोहलत



पाकिस्तानी सरकार के दस्तावेजों के मुताबिक, पाकिस्तान में अवैध तरीके से रह रहे विदेशी नागरिकों को 1 अप्रैल से निकाला जाना था लेकिन ईद का त्योहार होने के चलते अब ये अभियान 10 अप्रैल से चलाया जाएगा. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, पाकिस्तान में पिछले 18 महीनों के दौरान करीब 8,45,000 अफगानी देश छोड़कर जा चुके हैं.

## दादागिरी

### डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मचा सर्वत्र हाहाकार

# 'पूरी दुनिया पर लगाएंगे टैरिफ, देखते हैं क्या होगा'

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाएंगे. उन्होंने यह घोषणा एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे. अब तक अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी जो अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क लगाते हैं या फिर उन देशों पर जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलित है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा बयान देकर सभी को चौंका दिया है क्योंकि उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है.

### क्या बोले डोनाल्ड ट्रंप ?



राष्ट्रपति ट्रंप ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा, ₹हम सभी देशों के साथ शुरुआत करेंगे, इसलिए देखते हैं क्या होता है.₹ हालांकि उम्मीद की जा रही है कि अंतिम समय में डोनाल्ड ट्रंप उन धमकी भरे टैरिफ में से कुछ को वापस ले सकते हैं. राष्ट्रपति ट्रंर ने स्पष्ट किया कि यह केवल कुछ मुट्ठी भर देशों के बारे में नहीं है जो प्रभावित होंगे, उन्होंने केवल 10 या 15 देशों पर पारस्परिक टैरिफ की अफवाहों को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, ₹मैंने10 या 15 देशों के बारे में कोई बात नहीं की है. हम सभी देशों के बारे में बात कर रहे हैं, कोई कटऑफ नहीं.

## भारत को F-35 का ऑफर और पाक को F-16 के लिए फंड

### चालबाज अमेरिका का 'ग्रेट गेम', क्या भारत-पाकिस्तान में युद्ध चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल की नीतियों और निर्णयों को पलटकर दुनिया को चौंका दिया है. ट्रंप की नीतियों से पूरी दुनिया हैरान है. इसमें अमेरिका के दुश्मन ही नहीं, बल्कि दोस्त देश भी शामिल हैं. अब एशिया में ही ट्रंप ने 2 दुश्मनों को आमने-सामने करने के लिए ओछी चाल चली है. ट्रंप ने एक ओर भारत को अमेरिका का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान F-35 का ऑफर दिया है, वहीं पाकिस्तान को अपने F-16 लड़ाकू जेट बेड़े को बनाए रखने के लिए बजट जारी किया है. हालांकि, इस बजट में शामिल

### ट्रंप ने रोक दी थी सभी प्रकार की विदेशी सहायता

जनवरी 2025 में पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, ट्रंप ने अमेरिका के हितों को प्राथमिकता देने के लिए मानवीय सहायता सहित सभी प्रकार की सहायता को रोकते हुए 90-दिवसीय विदेशी मदद को फ्रीज करने का आदेश दिया था. हालांकि, जनवरी के अंत तक, ट्रंप ने अपना रुख बदल दिया और मध्य पूर्व में अमेरिका के सबसे करीबी सहयोगी मिस्र और इजरायल को सैन्य सहायता प्रदान करने की छूट दे दी.

### पाकिस्तान को F-16 के लिए मिला अमेरिकी फंड

ट्रंप ने पाकिस्तान को F-16 लड़ाकू जेट बेड़े को बनाए रखने के लिए US$397 मिलियन का वित्तपोषण का आदेश दिया. रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों के उपयोग की निगरानी करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका उपयोग केवल आतंकवाद विरोधी (CT) और विद्रोह विरोधी (COIN) अभियानों के लिए किया जाए और उन्हें सीमा पार पाकिस्तान के विरोधी भारत के विरुद्ध तैनात न किया जाए.

# शाह की यात्रा के बाद लालू से मिले नीतीश के MLC

## चुनाव से पहले बिहार में सियासी हलचल तेज



**पटना.** जदयू के विधान परिषद सदस्य प्रो. गुलाम गौस ने सोमवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई दी. उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद लोकनायक जयप्रकाश नारायण आन्दोलन के नायकों में से रहे हैं. हम राजनीति और सामाजिक संबंधों को साथ लेकर चलने के पक्षधर रहे हैं. न्हें आश्चर्य हो रहा है कि सामान्य मुलाकात का राजनीतिक मतलब निकाला जा रहा है. प्रो. गौस ने कहा कि लालू प्रसाद ही नहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के बड़े नेता रहे स्व. सुशील कुमार मोदी के साथ भी उनका आत्मीय संबंध रहा है.उन्होंने कहा कि हम जिस समय राष्ट्रीय जनता दल में थे, मुख्यमंत्री

### क्या बोले MLC?

जदयू के विधान पार्षद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों के हित में बहुत काम किया है. तीन दिन पहले उन्होंने ऊर्दू अनुवादकों की संख्या दोगुनी करने का निर्णय किया है. वे इसका स्वागत करते हैं. मुख्यमंत्री की यह घोषणा ऊर्दू के साथ उनकी दोस्ती का परिचायक है. इससे उर्दू के विकास को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने सभी स्कूलों में ऊर्दू शिक्षकों की बहाली की मांग की.

# 'छत्रपति शिवाजी ने ही बनवाई थी अफजल खान की कब्र'

## औरंगजेब विवाद पर बोले RSS नेता भैयाजी जोशी

**मुंबई.** मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच, वरिष्ठ आर-एसएस नेता सुरेश 'भैयाजी' जोशी ने सोमवार को कहा कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया जा रहा है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'जिनकी श्रद्धा है वो उस कब्र पर जाएंगे.'

**'अनावश्यक उठाया गया विषय':** उन्होंने कहा, 'औरं-गजेब की कब्र का विषय अनावश्यक उठाया गया है. उसकी मृत्यु यहां हुई तो उसकी कब्र यहां बनी हुई है. जिनकी श्रद्धा है वो जाएंगे.' दरअसल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की.



### 'हमें पानी और पेड़ों की नहीं, कब्र की चिंता है'

मुंबई के शिवाजी पार्क में वार्षिक गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने भ्रामक ऐतिहासिक नैरेटिव और व्हाट्सएप संदेशों के प्रति आगाह किया और इस बात पर जोर दिया कि इतिहास का अध्ययन सोशल मीडिया के बजाय विश्वसनीय स्रोतों से किया जाना चाहिए. राज ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र पर विवाद पैदा करने के राजनीतिक प्रयासों की आलोचना की. इस कारण नागपुर में हिंसा हुई. राज ठाकरे ने ऐसी बहसों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हमें पानी के स्रोतों और पेड़ों की चिंता नहीं है, लेकिन हमें औरंगजेब की कब्र की चिंता है?' उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का शिकार होने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, 'लोगों को इतिहास के नाम पर लड़ाया जा रहा है और राजनेता संघर्ष को बढ़ावा देने के लिए इन मुद्दों का फायदा उठाते हैं.'

### 'यह भारत की उदारता का प्रतीक'

पूर्व आरएसएस महासचिव ने कहा, 'हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श (रोल मॉडल) है. उन्होंने अफजल खान की कब्र बनवाई थी. यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है. कब्र बनी रहेगी, जो भी जाना चाहेगा, जाएगा.'

### 'जिनकी आस्था है, वो जाएंगे'

उन्होंने कहा, 'बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता था.' राज ठाकरे की टिप्पणियों और मुगल शासक की कब्र के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा, 'औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है. उसकी मृत्यु यहीं (भारत में) हुई थी, इसलिए उसकी कब्र यहीं बनाई गई है. जिनकी आस्था है, वे जाएंगे.'

### औरंगजेब शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था'

ठाकरे ने इस बात पर जोर दिया कि मुगल शासक औरंगजेब ने मराठों से लड़ते हुए महाराष्ट्र में 27 साल बिताए, छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को कुचलने की कोशिश की लेकिन आखिरकार असफल रहा. उन्होंने कहा, 'औरंगजेब शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था.' राज ठाकरे ने कहा कि शिवाजी महाराज के निधन के बावजूद, औरंगजेब उनकी विचारधारा को मिटाने के असफल प्रयास में महाराष्ट्र में रहा. उन्होंने दर्शकों को याद दिलाया कि शिवाजी के बेटे संभाजी महाराज ने आगरा से भागने पर औरंगजेब के बेटे को शरण भी दी थी.

# 'व्हाट्सएप पर नहीं पढ़ें इतिहास'

## औरंगजेब की कब्र विवाद के बीच बोले राज ठाकरे

**मुंबई.** महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के चीफ राज ठाकरे ने मुगल शासक औरंगजेब के मकबरे को लेकर राज्य बढ़ रहे साम्प्रदायिक तनाव पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा है कि इतिहास को धर्म और जाति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए. मुंबई के शिवाजी पार्क में वार्षिक गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने भ्रामक ऐतिहासिक नैरेटिव और व्हाट्सएप संदेशों के प्रति आगाह किया और इस बात पर जोर दिया कि इतिहास का अध्ययन सोशल मीडिया के बजाय विश्वसनीय स्रोतों से किया जाना चाहिए. राज ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र पर विवाद पैदा करने के राजनीतिक प्रयासों की आलोचना की. इस कारण नागपुर में हिंसा हुई. ठाकरे ने ऐसी बहसों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए कहा, ₹हमें पानी के स्रोतों और पेड़ों की चिंता नहीं है, लेकिन हमें औरंगजेब की कब्र की चिंता है?₹ उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का शिकार होने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, ₹लोगों को इतिहास के नाम पर लड़ाया जा रहा है और राजनेता संघर्ष को बढ़ावा देने के लिए इन मुद्दों का फायदा उठाते हैं.



### औरंगजेब शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था

ठाकरे ने इस बात पर जोर दिया कि मुगल शासक औरंगजेब ने मराठों से लड़ते हुए महाराष्ट्र में 27 साल बिताए, छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को कुचलने की कोशिश की लेकिन आखिरकार असफल रहा .उन्होंने कहा, ₹औरं-गजेब शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था,₹ राज ठाकरे ने कहा कि शिवाजी महाराज के निधन के बावजूद, औरंगजेब उनकी विचारधारा को मिटाने के असफल प्रयास में महाराष्ट्र में रहा. उन्होंने दर्शकों को याद दिलाया कि शिवाजी के बेटे संभाजी महाराज ने आगरा से भागने पर औरंगजेब के बेटे को शरण भी दी थी.

### हमने इस राजा को मार डाला

औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकरे ने सुझाव दिया कि वहां एक बोर्ड लगाया जाना चाहिए, जिस पर लिखा हो, ₹हमने इस राजा को मार डाला.₹उन्होंने शिवाजी महाराज द्वारा मारे गए बीजापुर के सेनापति अफजल खान की कब्र का भी मसला उठाया. राज ठाकर ने कहा कि यह शिवाजी की अनुमति के बिना नहीं बनाई जा सकती थी. उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐतिहासिक घटनाओं को सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने के बजाय उनके उचित संदर्भ में समझा जाना चाहिए.

## फास्ट ट्रैक

### बुजुर्ग महिला का जला शव मिलने से हड़कंप

**पुणे.** पुणे में एक अपार्टमेंट के अंदर बुजुर्ग महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया. 76 साल महिला अपने किराए के अपार्टमेंट में गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में मृत पाई गई. पुलिस ने सोमवार को ये जानकारी दी है.

एक अधिकारी ने बताया कि महिला कोथरूड के गुरु गणेश नगर इलाके में एक कमरे और किचन वाले अपार्टमेंट में अकेली रहती थी. उन्होंने कहा,'हमें सुबह करीब 8.30 बजे महिला के बारे में सूचना मिली. पुलिस और दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची. महिला को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया.' पुलिस को संदेह है कि महिला की मौत दुर्घटनावश हुई है और हो सकता है कि महिला घर में दिया जलाते समय आग के संपर्क में आई हो. अधिकारी ने कहा,'शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जानकारी का इंतजार है.'

**नौकरी के पहले दिन ही युवक की मौत**

एक दिन पहले पुणे से ही एक शख्स के जिंदा जलकर मरने की खबर सामने आई थी. नौकरी के पहले दिन ही एक युवक की मौत हो गई. चाय की दुकान में आग लगने से युवक की जान चली गई. यह युवक उसी दिन दुकान में काम करने के लिए आया था. दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुकान में नया नियुक्त कर्मचारी दूध गर्म कर रहा था, तभी आग लग गई. आग लगने का कारण सिलेंडर से गैस रिसाव बताया जा रहा है.

# 'मुंबई में शिवसेना स्टाइल में उनका स्वागत होगा'

## कुणाल कामरा को शिंदे गुट के नेता राहुल कनाल की धमकी

**मुंबई.** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और शिवसेना के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे पर स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के तंज को लेकर विवाद जारी है. इस बीच युवा शिवसेना के महासचिव राहुल कनाल ने कामरा को धमकी भरे अंदाज में कहा कि उनका शिवसेना स्टाइल में मुंबई में स्वागत होगा. उन्होंने कहा, "हम प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं. हम यहां थाने में हाजिरी लगाने आए थे. सोमवार और गुरुवार को हमें हाजिरी लगानी है. यहां युवा सेना का ग्रुप आया है."



### कानून का सामना करना पड़ेगा- कुणाल कामरा

कनाल ने कहा, "कुणाल कामरा को कोर्ट से राहत मिली है, मैं कोर्ट के फैसले का सम्मान करता हूं. उन्हें सात अप्रैल तक राहत मिली है. उसके बाद उन्हें कानून का सामना करना पड़ेगा. मुंबई में उनका शिवसेना स्टाइल में स्वागत होगा." उन्होंने कहा, "चाहे कोई भी संरक्षण मिले, जब भी वो मुंबई आएंगे, शिवसेना स्टाइल में स्वागत होगा. मैं धमकी नहीं दे रहा, मुंबई का एक फैब्रिक रहा है. मुंबई में उनका कर्म भूमि है. आज वो मद्रास में हैं."

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

कुणाल कामरा ने 23 मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था. इस वीडियो में उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर गाने के अंदाज में तंज कसा. इसके बाद शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की, जिसमें उन्होंने ये वीडियो शूट किया था. इस मामले में राहुल कनाल समेत कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया. बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई. मुंबई पुलिस ने कामरा के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं.

# कुणाल कामरा के घर पहुंची मुंबई पुलिस

## शिंदे पर विवादित टिप्पणी के मामले में भेजा था समन

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर विवादित टिप्पणी मामले में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं. मुंबई पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी है. इसी बीच जानकारी आ रही है कि सोमवार को मुंबई पुलिस के अधिकारियों की एक टीम कॉमेडियन के घर पहुंची. पुलिस अधिकारी ने बताया कि कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई के हैबिटेट सेंटर में उनकी विवादित टिप्पणी के सिलसिले में खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए. पुलिस ने इससे पहले शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत के आधार पर 24 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कामरा को दो समन भेजे थे.



### मुंबई में दर्ज हैं 3 अलग-अलग मामले

मुंबई पुलिस के मुताबिक, कामरा के खिलाफ खार पुलिस स्टेशन में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं. एक शिकायत जलगांव शहर के मेयर ने दर्ज कराई है, जबकि अन्य दो मामले नासिक के एक होटल व्यवसायी और एक व्यापारी ने दर्ज कराए हैं. दरअसल, 23 मार्च को रिलीज हुए एक एपिसोड में कुणाल कामरा ने 1997 की फिल्म दिल तो पागल है के एक गाने का पैरोडी वर्शन (parody version) इस्तेमाल किया था, जिसमें डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा गया था.

### मैं माफी नहीं मांगूंगा: कामरा

घटना के तुरंत बाद कामरा ने कहा कि वह शिंदे के बारे में अपनी टिप्पणियों के लिए माफी नहीं मांगेंगे और उस जगह पर तोड़फोड़ की आलोचना की, जहां उनका कॉमेडी शो रिकॉर्ड किया गया था. कामरा ने एक बयान में लिखा, 'मैं माफी नहीं मांगूंगा.

# अटेंडेंस रजिस्टर में फर्जी साइन

## खुद की जगह दूसरी महिला को स्कूल भेजती थी टीचर

**पुणे.** पुणे की भोर तहसील में कथित तौर पर अपनी जगह बच्चों को पढ़ाने के लिए एक अन्य महिला नियुक्त करने वाली और अनुपस्थित रहने वाले महिला शिक्षिका को निलंबित कर दिया है. अधिकारी ने बताया कि अटेंटेस्ट रजिस्टर में महिला के फर्जी साइन भी मिले हैं.

'बच्चों को पढ़ा रही थी दूसरी महिला' अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित महिला शिक्षिका की जगह स्कूल में एक अन्य महिला को उनकी जगह बच्चों को पढ़ाते हुए पाया गया. शुरुआती जांच में पता चला है कि शिक्षिका ने अपनी जिम्मेदारियों को संभालने के लिए एक निश्चित राशि का भुगतान करके महिला को काम पर रखा था. छात्रों की सुरक्षा और शैक्षिक मानकों को लेकर चिंतित अधिकारियों ने आरोपी शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा था. लेकिन उसका जवाब असंतोषजनक पाया गया. इसके तुरंत बाद महिला शिक्षिका को

**अधिकारियों ने बताया कि सीईओ गजानन शिंदे और प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार बामने भोर के महाराणा प्रताप स्कूल नंबर एक का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां अधिकारियों ने पाया की स्कूल में नियुक्त महिला शिक्षिका भारती मोरे बिना किसी पूर्व छुट्टी स्वीकृति के अनुपस्थित हैं. हालांकि, उपस्थिति रजिस्टर में उनके साइन गलत तरीके से हो रहे थे. आरोपी महिला शिक्षिका की पहचान भारती दीपक मोरे के रूप में हुई है.**

निलंबित कर दिया गया है. अधिकारी ने महिला शिक्षिका के निलंबन के बारे कहा कि ड्यूटी से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, बिना किसी जानकारी के मुख्यालय छोड़ने, अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही बरतने, किसी अनाधिकृत व्यक्ति को कक्षा का प्रभार देने.

# दुकानदार का अपहरण कर पीटा

## 5 पर FIR दर्ज, कर्ज का मामला

**ठाणे.** ठाणे जिले में कुछ लोगों ने 38 वर्षीय मोबाइल फोन रिपेयर शॉप के मालिक का अपहरण कर लिया और लोन विवाद के बाद उसकी पिटाई की. इस बात की जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी. जिसके अनुसार पीड़ित ने आरोपियों में से एक से पैसे उधार लिए थे, लेकिन वह नियमित रूप से किश्तें नहीं चुका पा रहा था.

### जांच के बाद होगी कार्रवाई



पीड़िता की शिकायत के आधार पर 29 मार्च को पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई. जिसमें 142 (अपहृत व्यक्ति को गलत तरीके से बंधक बनाना), 118 (1) (स्वेच्छा से खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 351 (2) (आपराधिक साजिश) और 3 (5) (सामान्य इरादे से किया गया आपराधिक कृत्य) शामिल हैं. अधिकारी ने कहा कि बाद में मामला खड़कपाड़ा पुलिस को सौंप दिया गया क्योंकि घटना उनके अधिकार क्षेत्र में हुई थी. पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# मुंबई में हिंदू युवकों की पिटाई के बाद तनाव

## अज्ञात के खिलाफ FIR, बजरंग दल ने दी चेतावनी

**मुंबई.** मुंबई के कुरार पुलिस स्टेशन में धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मुंबई पुलिस के मुताबिक मलाड के पठानवाड़ी इलाके में रविवार शाम गुड़ी पड़वा कलश यात्रा के बाद घर लौटते समय भगवा झंडा लहराने पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने दो हिंदू युवकों की पिटाई कर दी. इस मामले में मुंबई पुलिस ने 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है.

इस बीच बजरंग दल ने पुलिस प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है. वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि हिंदू युवक रिक्शे में बैठकर मस्जिद के सामने से गुजर रहे थे. उन्होंने भगवा झंडा लहराकर जय श्री राम के नारे लगाए, जिसके बाद झड़प शुरू हुई. मुस्लिम पक्ष की शिकायत पर कुरार पुलिस स्टेशन में धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मौके पर मौजूद सीसीटीवी की मदद से दोनों पक्षों के आरोपियों की पहचान करने में जुटी है. एक 39 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसे इस घटना से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है. इस वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ भगवा कपड़े पहने युवकों की पिटाई कर रही है. बीच में एक भगवा झंडा भी दिखाई दे रहा है. कुछ लोग झंडे को फाड़ने की कोशिश कर रहे हैं.



## राजनीति | महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ का बड़ा आरोप

# 'बीड की घटना के पीछे महायुति की साजिश'

**मुंबई.** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल (Harshwardhan Sapkal) ने महायुति गठबंधन पर एक बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बीड जिले के धार्मिक स्थल पर हुआ विस्फोट साजिश हो सकता है. यह साजिश राज्य की सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने रची हो सकती है. उनका दावा है कि सरकार जानबूझकर सांप्रदायिकता बढ़ा रही है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अंग्रेजों की ₹बांटो और राज करो₹ की नीति अपनाई जा रही है. सपकाल ने बुलढाना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ₹भारत की पहचान उसकी विविधता में एकता है. महाराष्ट्र का धर्म प्रगतिशील रहा है, लेकिन अब यह सांप्रदायिकता के संकट का सामना कर रहा है.₹ उन्होंने आगे कहा कि राज्य में शांति बनाए रखने के लिए आपसी मेल जरूरी है और उम्मीद जताई कि ऐसा ही होगा.





### महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था खराब- सपकाल

बीड जिले के गेवराई तहसील के अर्ध मसला गांव में ईद-उल-फित्र के एक दिन पहले मस्जिद में धमाका हुआ. इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. सपकाल ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि ₹महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं. कई मामलों में अपराधियों का पता ही नहीं चलता, और जनता डर के साये में जी रही है.

### सांप्रदायिक घटनाओं में बढ़ोतरी

पुलिस के मुताबिक, जनवरी 2024 से अब तक महाराष्ट्र में 823 सांप्रदायिक घटनाएं दर्ज की गई हैं. इनमें नागपुर, पुणे (ग्रामीण), रत्नागिरी, सांगली, बीड और सतारा जिलों में तनाव की स्थिति बनी रही है. हाल ही में छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग ने भी विवाद को जन्म दिया. 17 मार्च को नागपुर के कई इलाकों में हिंसा भड़क गई थी. बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने औरंगजेब की कब्र को ₹दुख और गुलामी का प्रतीक₹ बताते हुए इसे हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था.

# आरोपियों पर UAPA लगाएं: AIMIM नेता

## महाराष्ट्र की मस्जिद में ब्लास्ट मामलाIE

**छत्रपति संभाजीनगर.** पूर्व सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के नेता इम्तियाज जलील ने बीड की मस्जिद में हुए ब्लास्ट के गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ यूएपीए लगाने की मांग की है. उन्होंने सोमवार को कहा कि बीड जिले में एक मस्जिद के अंदर जिलेटिन की छड़ें रखने और विस्फोट करने के आरोप में गिरफ्तार 2 लोगों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम लगाया जाना चाहिए.

### 'मुसलमान के घर पर चल जाता बुलडोजर'



छत्रपति संभाजीनगर में ईद की नमाज के बाद पूर्व सांसद जलील ने मांग की कि दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त यूएपीए लगाया जाना चाहिए.उन्होंने कहा, ''अगर कोई मुसलमान छोटी सी घटना के लिए भी जिम्मेदार होता है तो उसके घर को बुलडोजर से गिरा दिया जाता है. लेकिन अगर हमारे धार्मिक स्थल को विस्फोटक का इस्तेमाल करके नुकसान पहुंचाया जाता है तो यूएपीए लागू नहीं होता.कानून सभी के लिए समान होना चाहिए.'' उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों.उन्होंने कहा, ''हम मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हैं.लेकिन यूएपीए लगाया जाना चाहिए.''

### बुलडोजर एक्शन पर उठाए सवाल

पूर्व सांसद जलील ने नागपुर में हिंसा के लिए गिरफ्तार किए गए आरोपियों के घर को ध्वस्त करने की भी आलोचना की. उन्होंने कहा, ''अगर आरोपी ने कुछ गलत किया है, तो उसके परिवार का क्या दोष है? अब कहा जा रहा है कि घर अतिक्रमण करके बनाया गया था. क्या स्थानीय प्रशासन इतने सालों से सो रहा था?'' बीड पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बीड मस्जिद मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को तीन अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

# कल्याण रेलवे स्टेशन पर पानी की सप्लाई रोकी

## बकाया भुगतान नहीं होने की सजा

**ठाणे.** मुंबई के उपनगरीय रेल नेटवर्क के महत्वपूर्ण स्टेशन कल्याण की जलापूर्ति स्थानीय निकाय अधिकारियों ने एक दिन के लिए काट दी क्योंकि 4.41 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान नहीं किया गया था. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को जलापूर्ति काट दी गई थी लेकिन रेलवे अधिकारियों द्वारा 1.17 करोड़ रुपये के मौजूदा बिल के भुगतान की प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद रविवार को आपूर्ति बहाल कर दी गई.

**वॉर्निंग के बावजूद नहीं किया भुगतान:** स्थानीय निकाय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कल्याण डोंबिवली महानगर पालिक (KDMC) की ओर से पूर्व में सूचना दिए जाने के बावजूद, रेल अधिकारियों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जिसके कारण सहायक नगर आयुक्त सचिन






तामखेडे ने शनिवार को ठाणे जिले में स्थित कल्याण स्टेशन की जलापूर्ति काट दी. विज्ञप्ति में कहा गया कि बाद में, स्थानीय निकाय के साथ तत्काल चर्चा के उपरांत रेलवे अधिकारियों ने 1.17 करोड़ रुपये के मौजूदा बिल के भुगतान की प्रक्रिया शुरू की तथा केडीएमसी को आश्वासन दिया कि शेष बकाया राशि का भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा.

# कपूर खानदान की बेटी ने बॉलीवुड में पूरे किए 25 साल

हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर और इस एक्ट्रेस के दादा जी ने इस एक्ट्रेस का नाम सिद्धिमा रखा था. हालांकि, इनकी मां ने 'अन्ना कैरेनिना' बुक से इंस्पायर होकर एक्ट्रेस का नाम बदल दिया.इस एक्ट्रेस का नाम करीना कपूर खान है. करीना ने मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज में एडमिशन लिया था, लेकिन एक साल बाद ही उन्होंने एक्टिंग के लिए अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी.करीना ने हार्वर्ड समर स्कूल से माइक्रोकंप्यूटर का छोटा-सा कोर्स भी किया था.करीना 'अशोक' और 'कभी खुशी कभी गम' के बाद भारत की सबसे ज्यादा फीस लेने वालीं एक्ट्रेस बन गई थीं.करीना ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि उन्हें नाखून चबाने की आदत है.करीना अपना सिंगिंग डेब्यू कर चुकी हैं. उन्होंने साल 2002 में आई ₹देवर₹ का ₹जब नहीं आए₹ गाना गाया था.करीना ₹कहो ना. प्यार है₹ (2000), ₹कल हो ना हो₹ (2003), ₹हम दिल दे चुके सनम₹ और ₹ब्लैक₹ जैसी फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुकी हैं.



## पालक ने जिम के अंदर से पोस्ट की वर्कआउट की फोटोज



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अकसर अपनी स्टाइल और ग्लैमरस लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं. इस बार उन्होंने जिम से अपनी कुछ वर्कआउट फोटोज शेयर कीं हैं, जो तेजी से वायरल हो रहीं हैं. जहां फैंस उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल करना भी शुरू कर दिया है.पलक तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की कुछ फोटोज शेयर की हैं. इनमें वह छोटे-छोटे डंबल उठाकर एक्सरसाइज कर रही हैं और साथ ही मुस्कुराती नजर आ रही हैं.जैसे ही पलक की ये तस्वीरें सामने आईं, कमेंट सेक्शन में दिल और फायर इमोजी की बाढ़ आ गई, लेकिन कुछ यूजर्स ने उन्हें सीरियस होकर वर्कआउट करने की सलाह दे डाली.ट्रोलर्स की बातों से परेशान होकर पलक ने अपनी पोस्ट पर कमेंट सेक्शन ही बंद कर दिया. यह पहली बार नहीं है जब पलक को ट्रोल किया गया हो, इससे पहले भी वह कई बार ट्रोलिंग का शिकार हो चुकी हैं.पलक तिवारी के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म ₹भूतनी₹ में नजर आने वाली हैं.जिसमें उनके साथ संजय दत्त और मौनी रॉय भी नजर आने वाले हैं. इस फिल्म का प्रमोशन भी जोरों पर चल रहा है.वहीं हाल ही में पलक का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें पैपराजी ने गलती से उन्हें अनन्या पांडे कह दिया.

# ईद पर कपिल शर्मा ने दिया फैन्स को बड़ा तोहफा

## किस किसको प्यार करूं 2’ का फर्स्ट लुक




ईद के मौके पर मशहूर कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने फैंस को खास तोहफा दिया है. फैंस को ईद की शुभकामनाएं देते हुए कपिल ने अपनी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का फर्स्ट लुक जारी किया है.भारत सहित दुनियाभर में ईद का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है. इस खास मौके पर सेलेब्स भी फैंस को ईद की शुभकामनाएं दे रहे हैं. ईद के मौके पर मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा ने भी बड़ा ऐलान किया है और फैंस को खास तोहफा दिया है. उनकी अपकमिंग फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’ का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है.ईद पर फैंस को विश करते हुए कपिल ने अपनी अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. कॉमेडियन-एक्टर ने इंस्टाग्राम पर इसका फर्स्ट लुक शेयर किया है जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. इसमें उनके साथ उनकी दुल्हन भी नजर आ रही है. लेकिन उसका फेस रिवील नहीं किया गया है.ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से ‘किस किसको प्यार करूं 2’ का फर्स्ट लुक शेयर किया है. साथ में लिखा है, ‘ईद मुबारक’. कपिल दूल्हा बने हुए हैं और उन्होंने सेहरा बांध रखा है. वो सेहरा हटाकर हैरान सी निगाहों के साथ देख रहे हैं. वहीं उनके साथ उनकी दुल्हन भी नजर आ रही है. लेकिन उसका चेहरा नहीं दिख रहा है, क्योंकि कपिल की दुल्हनिया ने घूंघट ले रखा है.कपिल शर्मा करीब 10 साल के बाद अपनी फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं’ का सीक्वल किस किसको प्यार करूं 2 ला रहे हैं. इस फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिला था. इसमें कपिल चार-चार महिलाओं के प्यार में कैद नजर आए थे. एक बार फिर से उनका हाल ऐसा ही होने वाला है. हालांकि अभी उनकी इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है. इसमें कपिल के साथ मनजोत सिंह भी अहम रोल में होंगे. इसका डायरेक्शन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं, जबकि इसके प्रोड्यूसर रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान हैं.

## दीपिका ने लगवाई चांद रात की मेहंदी




दीपिका कक्कड़ अपने परिवार का साथ ईद की खुशियां मना रही हैं. उन्होंने अपनी तैयारियों की एक झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की है. इसमें दीपिका के हाथों पर मेहंदी लग रही है. उन्होंने अपने हाथों के साथ शोएब का हाथ भी दिखाया है. उन्होंने भी मेहंदी लगाई है जिसमें दीपिका का नाम दिख रहा है. तलाक की अफवाहों के बीच उनके फैन्स को ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है.दीपिका कक्कड़ ने एक वीडियो शेयर किया है. इसमें लिखा है, 'सभी को हमारी तरफ से चांद मुबारक.' क्लिप में दिख रहा है कि दीपिका मेहंदी लगवा रही हैं. उन्होंने दोनों हाथों और पैरों में मेहंदी लगवाई है साथ ही शोएब का नाम लिखवाया है. शोएब ने भी अपनी रिंग फिंगर में दीपिका का नाम लिखवाया है. दोनों ने मेहंदी लगे हाथों से पोज भी दिया है.इस पोस्ट पर दीपिका के एक फॉलोअर ने कमेंट किया है, 'मेहंदी भी खूबसूरत, आप भी. एक ने सवाल किया है, क्या आपकी और शोएब सर की तलाक की खबर सही है?' एक फैन ने मेहंदी से लिखे नाम की तारीफ की है.

## सोनाक्षी की शादी के बाद पहली ईद पर नया अंदाज, नया लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने काम से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं. बता दें कि जब से सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर इकबाल संग शादी की है तब से वह खास चर्चाओं में आ गई हैं. कई जगह तो उनका शादी की वजह से आज भी विरोध हो रहा है. बता दें कि सोनाक्षी की शादी में केवल उनके माता पिता और सोनाक्षी की भाभी ही शामिल हुई थी. सोनाक्षी के दोनों भाई लव और कुश शादी का हिस्सा नहीं थे.पूरे परिवार के साथ ना हो ने की वजह से तमाम बातें सोशल मीडिया पर भी फैसले लगी थीं. खैर सोनाक्षी जहीर इकबाल से बेहद प्यार करती हैं. शादी से पहले दोनों ने एक दूसरे को 7 साल तक डेट किया गया था जिसके बाद ही दोनों ने एक दूसरे से शादी करने का फैसला किया था. भले ही सोनाक्षी की शादी में उनके सभी परिवार वाले शामिल नहीं हुए थे, लेकिन सोनाक्षी अपने जीवन के नए सफर से काफी खुश हैं.बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा शादी के बाद हिंदू धर्म के त्योहार भी मनाती हैं. हाल ही में उन्होंने होली के मौके पर अपनी होली की तस्वीरें भी शेयर की थीं. वहीं अब ईद आई है. जिसे लेकर सोनाक्षी सिन्हा काफी एक्साइटेड हैं क्योंकि यह उनकी पहली ईद है. सोनाक्षी सिन्हा के कुछ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं. इन फोटो और वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनाक्षी सिन्हा अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर ईद मना रही हैं.वायरल हो रही वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनाक्षी सिन्हा पूरे ही काले रंग के सूट में नजर आ रही हैं. वीडियो में देख सकते हैं कि सोनाक्षी काला सूट, काली बिंदी, काली नेलपेंट लगाए दिख रही हैं. वहीं जहीर इकबाल सफेद शर्ट और जींस पहने दिख रहे हैं. सोनाक्षी सिन्हा को यूं ईद मनाता देख लोगों के जमकर रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा- नवरात्र की तो शुभका-मनाएं नहीं दीं आपने. वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- धीरे-धीरे सब बदल जाता है. वहीं तीसरे यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- काले सूट में तो आप इतनी खूबसूरत दिख रही हो तो बुर्के में तो आप और भी ज्यादा खूबसूरत दिखोगी. बता दें कि सोनाक्षी को उनके आउटफिट के लिए भी ट्रोल किया जा रहा है.

## सिकंदर ने तोड़ा इन फिल्मों का रिकॉर



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज डेट पर कमाई उम्मीद से कम रही. ट्रेड विशेषज्ञों का अनुमान था कि पहले दिन फिल्म तकरीबन 50 करोड़ रुपये की कमाई करेगी लेकिन इसके फर्स्ट डे कलेक्शन इससे काफी कम रहा. फिल्म ने पहले दिन 30 करोड़ 6 लाख रुपये का बिजनेस किया है. हालांकि पहले दिन की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, लेकिन फिर भी सलमान ने इस आंकड़े के साथ अपनी ही कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 30 करोड़ कमाने वाली 'सिकंदर' ने 'किसी का भाई किसी की जान' (15.81 करोड़), दबंग-3 (24.50 करोड़), रेस-3 (28.50 करोड़), बजरंगी भाईजान (27.25 करोड़), किक (26.40 करोड़) और 'जय हो' (17.75 करोड़) का ओपनिंग डे का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. लेकिन कई ऐसी भी फिल्में रहीं जिनसे सिकंदर ओपनिंग डे की कमाई के मामले में पीछे रह गई. इनमें 'टाइगर-3', भारत, टाइगर जिंदा है, सुल्तान और एक था टाइगर जैसी फिल्में शामिल हैं.बॉलीवुड के भाईजान की फिल्म हो अभी 2D औरआईमैक्स वर्जन में रिलीज किया गया है. फिल्म की कमाई के आंकड़े पहले दिन भले ही खास इंप्रेसिव ना रहे हों, लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे और तीसरे दिन कमाई में जबरदस्त इजाफा देखने को मिलेगा. सलमान खान की फिल्म ईद पर जब भी रिलीज होती है तो शर्तिया तौर पर अपनी लागत निकालकर प्रॉफिट जोन में कदम रख जाती है. क्या इस साल भी सलमान मेकर्स के लिए मालामाल होने की वजह साबित होंगे? यह तो वक्त ही बताएगा. सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' को बनाने में 200 करोड़ रुपये की लागत आई है. यानि पैसा रिकवर करने के लिए फिल्म का कम से कम इतने करोड़ की कमाई करना जरूरी है.

## नई दयाबेन बनते ही काजल ने तोड़ी चुप्पी



टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन काफी सालों से नजर नहीं आ रही हैं. दयाबेन को गए हुए छह साल हो गए हैं और ये रोल दिशा वकानी निभा रही थीं. दिशा वकानी ने प्रेग्नेंसी की मैटरनिटी लीव के बाद एक्टिंग को अलविदा कह दिया था. इतने सालों में कई एक्ट्रेसेस के नाम दयाबेन के रोल के लिए सामने आए. अब दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस काजल पिसल दयाबेन का रोल निभा सकती हैं, लेकिन इन खबरों पर अब काजल पिसल ने चुप्पी तोड़ी है.काजल पिसल ने जूम को एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने दयाबेन का रोल निभाने पर खुलकर बात की है और ये भी बताया है कि उन्होंने शो के लिए इंटरव्यू कब दिया था.काजल पिसल ने बताया कि मैं ये बात पहले ही क्लियर करना चाहती हूं कि ये सच नहीं है. ये जो भी न्यूज चल रही है वो सब गलत है. ये मेरी पुरानी तस्वीरें हैं और अब वायरल हो रही हैं.एक्ट्रेस के मुताबिक, जब से ये न्यूज वायरल हो रही हैं, तब से ही मुझे इस बारे में बहुत सारे कॉल और मैसेज आ रहे हैं.

## सितारों ने मनाया गुडी पाडवा

गुड़ी को विजय और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. इसी दिन आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटका में उगादी मनाई जाती है. इस क्षेत्रीय नववर्ष की शुरुआत माना जाता है और बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है. सोशल मीडिया पर कई बॉलीवुड सितारों ने त्योहार की विशेज को लेकर संदेश भेजे और लोगों को बधाई दी. वहीं कुछ लोगों ने गुड़ी के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कीं.अमिताभ बच्चन ने गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरात्रि की शुभकामनाएं अपने फैंस को देते हुए एक्स (ट्वीटर) अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया. बिग बी ने लिखा, “चैत्र सुखलदी, गुड़ी पड़वा, उगादी और ईद-उल-फितर की बधाई और शुभकामनाएं.सनी देओल ने लिखा, “हैप्पी गुड़ी पड़वा, हैप्पी उगादी, हैप्पी चेटी चंड और हैप्पी चैत्र नवरात्रि. नवीनीकरण और उत्सव का यह समय आपके जीवन के लिए शांति, सफलता और सकारात्मकता से भरपूर हो. आपको और आपके चाहने वालों को आने वाले साल की हार्दिक शुभका-मनाएं.”एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने परिवार के साथ पूजा की. उन्होंने कई सारी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं. महाराष्ट्रीयन लुक में अंकिता बहुत ही प्यारी लग रही हैं.एक्ट्रेस मिथिला पालकर ने अपने गुड़ी पड़वा उत्सव का वीडियो पोस्ट किया है. ट्रेडिशनल ड्रेस पहने हुए उन्होंने लिखा, ₹हैप्पी गुड़ी पड़वा!



हैप्पी उगादि!₹अनुषा दांडेकर ने नौवारी साड़ी और एथनिक ज्वेलरी में अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर करके महाराष्ट्रीयन संस्कृति को अपनाया. उन्होंने लिखा, ₹हैप्पी गुड़ी पड़वा, यह नया साल मैजिकल होगा.₹ उनके ट्रेडिशनल लुक और हार्दिक शुभकामनाओं ने उनके फैंस का दिल जीत लिया है.

## नेपाल में मोनालिसा के स्टाइल ने छाया सब पर असर



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा मौजूदा समय में नेपाल ट्रिप पर हैं. एक्ट्रेस इस दौरान की फोटोज भी शेयर कर रही हैं जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हो रही हैं. एक्ट्रेस की फोटोज पर उनके चाहने वाले रिएक्ट करते नजर आ रहे हैं.भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया सेंसेशन हैं. पिछले कुछ सालों में उनकी पॉपुलैरिटी तेजी से बढ़ी है. एक्ट्रेस को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की शुरुआती एक्ट्रेस में से एक माना जाता है. वे सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं.मो-नालिसा इंस्टाग्राम पर अपनी पर्सनल लाइफ से फैंस को अपडेट रखती हैं. इसी के साथ एक्ट्रेस फैंस को अपने सोशल मीडिया के जरिए एंटरटेन करने की कोशिश भी करती हैं. वे अपने हसबैंड के साथ भी वीडियोज शेयर करती रहती हैं.हाल ही में एक्ट्रेस नेपाल ट्रिप पर गई हैं. इस दौरान वे बहुत एंजॉय कर रही हैं और उन्होंने इस दौरान की फोटोज भी शेयर की हैं. फोटोज में वे ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने इस दौरान सिल्वर कलर का आउटफिट कैरी किया हुआ है.एक्ट्रेस सिल्वर कलर के टॉप और कट शेप स्कर्ट में हैं. वे इस दौरान अलग-अलग पोज में फोटोज शेयर करती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने फोटोज शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा- वाइब लग्जिरी है लेकिन दिमाग में उथल-पुथल है.एक्ट्रेस की फोटोज उनके फैंस को भा गई है और फैंस उनकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने एक्ट्रेस की फोटोज पर लिखा- सुपर भाभी. एक दूसरे शख्स ने लिखा- आप मेरे दिल की रानी हो. एक अन्य शख्स ने लिखा- कितनी क्यूट फोटो है.एक्ट्रेस की बात करें तो उनका असली नाम अंतरा विश्वास है लेकिन वे मोनालिसा के नाम से फैंस के बीच मशहूर हैं. उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती और मनोज तिवारी की फिल्म भोले शंकर से अपने करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद वे देवरा बड़ा सतावेला, तीन सहेलियां और देवरा भइल दीवाना जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं.

## मोनालिसा को फिल्म ऑफर करनेवाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा गिरफ्तार



प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म में काम करने का ऑफर देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उन पर बलात्कार के साथ मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने का आरोप है. आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, लड़की के साथ ना केवल बलात्कार किया बल्कि तीन बार उसका गर्भपात भी कराया. सेंट्रल दिल्ली पुलिस के नबी करीम थाने की टीम ने निर्देशक सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है.6 मार्च 2024 को 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने की धाराओं के तहत थाना नबी करीम में एफ-आईआर दर्ज की गई थी. पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ मुंबई में लिव-इन-रि-लेशनशिप में रह रहा था. उसने आरोप लगाया कि उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया. उसने एफआईआर में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी 2025 को आरोपी, शिकायतकर्ता को नबी करीम के होटल शिवा में लाया और शारीरिक संबंध बनाए. बाद में वह उससे शादी करने के अपने वादे से मुकर गया. इसके बाद शिकायतकर्ता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में भी आरोपों का समर्थन किया.जांच के दौरान मुजफ्फरनगर से गर्भपात से संबंधित मेडिकल पेपर एकत्र किए गए. दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है. इसके बाद 45 वर्षीय आरोपी सनोज मिश्रा को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार आरोपी शादीशुदा है और परिवार के साथ मुंबई में रहता है.आरोप है कि झांसे से आरोपी उसे एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने एफआईआर में यह भी बताया कि आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया, तो वह इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा. इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके साथ ही फिल्मों में काम दिलाने का लालच भी दिया.

# टाटा न्यू HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड ने माइलस्टोन का जश्न मनाया

## 2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गए

**मुंबई.** टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन घोषित किया: टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने 2 मिलियन से ज़्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में इसकी स्थिति मज़बूत हुई है. यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है.

टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है, भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा पसंद किया गया है. जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (क्यू-3 एफवाई-25-आरबीआई में जारी किए गए 13 प्रतिशत से ज़्यादा नए कार्ड) के साथ इसने देश भर के ग्राहकों का तेज़ी से विश्वास और वफ़ादारी हासिल की है.

टाटा डिजिटल में वित्तीय सेवाओं के मुख्य व्यवसाय अधिकारी गौरव हजराती ने कहा, ₹टाटा डिजिटल में हम अपने ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं.₹ ₹2 मिलियन से अधिक टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करना हमारे ग्राहकों द्वारा न्यूकार्ड पर रखे गए भरोसे का एक मजबूत प्रमाण है. हम न्यूकार्ड अनुभव को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे न्यूकार्ड




धारकों के हमारे बढ़ते समुदाय को और भी अधिक मूल्य मिल सके.₹ टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ प्रत्येक लेन-देन रिवा* की एक दुनिया को अनलॉक करता है, जिसमें 10 प्रतिशत तक की बचत, त्वरित न्यूकॉइन आय और यात्रा, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान तथा बहुत कुछ में विशेष विशेषाधिकार शामिल हैं. कार्ड का सहज प्रौद्योगिकी-संचालित अनुभव, जिसमें डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तत्काल अनुमोदन और संपर्क रहित भुगतान शामिल हैं, आधुनिक डिजिटल जीवन शैली को पूरा करता है.

पराग राव, कंट्री हेड- पेमेंट्स, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ₹भारत के अग्रणी कार्ड जारीकर्ता के रूप में हमारा प्रयास हर ग्राहक वर्ग के लिए एक अनुकूलित पेशकश बनाना है, जो सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास भुगतान समाधान प्रदान करता है. हमें खुशी है कि टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड, अपने डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण और मजबूत मूल्य प्रस्ताव के साथ उपयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने और हर रोज़ के खर्च को पुरस्कृत क्षणों में बदलने में सक्षम है.₹

कार्डधारक टाटा न्यू पर गैर-ईएमआई खर्च पर न्यूकॉइन के रूप में 10 प्रतिशत तक की वापसी और पार्टनर टाटा ब्रां* (इन-स्टोर सहित) पर न्यूकॉइन के रूप में 5 प्रतिशत तक की वापसी, पात्र गैर-टाटा और मर्चेंट ईएमआई खर्च पर न्यूकॉइन के रूप में 1.5 प्रतिशत की वापसी और यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त रिवार्ड का आनंद लेते हैं. मानार्थ घरेलू हवाई अड्डे के लाउंज का उपयोग और कार्डधारकों के लिए प्रतिष्ठित आइएचसीएल सिल्वर सदस्यता कार्ड की अपील को और बढ़ाती है. टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड रुपए (RuPay) और वीसा (Visa) दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है, जो पूरे भारत में ग्राहकों के लिए प्रीमियम डिजिटल भुगतान को सुलभ और पुरस्कृत बनाता है.

- 2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गए : बाजार में मजबूत स्वीकृति और ग्राहकों की पसंद को दर्शाता है.
- 13 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी : वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उद्योग में जारी किए गए नए कार्डों में से 13 प्रतिशत से अधिक पर कब्जा (आरबीआई डेटा के अनुसार) जो भारत में किसी भी सह-ब्रांडेड कार्ड के लिए सबसे अधिक है.
- एकीकृत पुरस्कार पारिस्थितिकी तंत्र : टाटा न्यू पारिस्थितिकी तंत्र में किराने का सामान, दवाइयाँ, बिल भुगतान, यूपीआई, उपहार कार्ड और वित्तीय सेवाओं से लेकर फैशन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा और मनोरंजन जैसी जीवनशैली-उन्मुख पेशकशों तक पुरस्कारों को सहजता से एकीकृत करता है.
- हाई इंगेजमेंट : यूपीआई सुविधा एक बड़ी सफलता है, जिसमें प्रति माह 12 मिलियन से अधिक लेनदेन की उच्च रन-रेट है, जो कि यूपीआई पर मासिक 800 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करता है.
- शीर्ष व्यय श्रेणियां : किराना, ईंधन और उपयोगिताएं शीर्ष व्यय श्रेणियां हैं, जो कुल व्यय का लगभग 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती हैं, जो इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि यह ग्राहकों के लिए एक शीर्ष- वॉलेट कार्ड है जो ग्राहकों की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करता है.
- विविध कस्टमर सेगमेंट : न्यूकार्ड को नए बैंक ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट के विरुद्ध भी पेश किया जाता है, जो एक एंड-टू-एंड डिजिटल यात्रा में छात्रों, सेवानिवृत्त लोगों, गृहिणियों और स्व-नियोजित सेग्मेंट्स सहित व्यापक कस्टमर सेगमेंट को पूरा करने में सक्षम बनाता है.
- उच्च मूल्य व्यय : , न्यूकार्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स और आभूषण श्रेणियों में असामान्य रूप से उच्च व्यय के साथ मजबूत मूल्य प्रस्ताव को प्रदर्शित करता है और समझदार ग्राहकों को आकर्षित करता है.
- मजबूत डिजिटल अपनाना : सहज डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तत्काल अनुमोदन और संपर्क रहित लेनदेन आधुनिक डिजिटल जीवन शैली को पूरा करते हैं.
- राष्ट्रव्यापी पहुंच : जनसांख्यिकी के अनुसार महानगरीय और छोटे शहरों दोनों में मजबूत अपनाया जाना इसकी व्यापक अपील को दर्शाता है.

# एडवांस्ड नी एंड शोल्डर आर्थोस्कोपी कार्यशाला

## दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज में आयोजन

**नागपुर.** दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर (डीयू) अर्थात एसएमएचआरसी का अभिन्न हिस्सा दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज (डीएमएमसी) चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है और एक नया मानदंड स्थापित कर रहा है. यह कॉलेज स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के साथ-साथ एक अत्याधुनिक सिमुलेशन लैब, सुव्यवस्थित सेंट्रल म्यूजियम और उन्नत कैडैवर (शव विज्ञान) सर्जिकल स्किल्स वर्कशॉप से सुसज्जित है. ये सुविधाएं न केवल चिकित्सा प्रशिक्षण को बढ़ावा देती हैं, बल्कि विभिन्न चिकित्सा और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए कार्यशालाओं, सहयोग और एकीकृत अनुसंधान पहल का एक प्रमुख स्रोत भी हैं.

हाल ही में नागपुर के वानाडोंगरी स्थित दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज में एक एडवांस नी एंड शोल्डर कैडैवरिक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दो दिवसीय कार्यशाला में विशेष कौशल की आवश्यकता वाली जटिल और आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया. इस कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

यह कार्यशाला यूएसए स्थित वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी स्मिथ एंड नेफ्यू के सहयोग से आयोजित की गई थी, जो ऑर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स मेडिसिन सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता रखती है. इस कार्यशाला की सफलता में डीएमएमसी के कैडैवरिक स्किल लैब का उपयोग एक महत्वपूर्ण कारक रहा. डीएमएमसी की उत्कृष्ट आधारभूत संरचना, समर्पित प्रबंधन और कुशल कार्यकारी टीम को ध्यान में रखते हुए, स्मिथ एंड नेफ्यू ने इस





स्थान को कार्यशाला के लिए चुना. यह कार्यशाला मध्य भारत में अपने तरह की पहली कार्यशाला थी, जिसमें देशभर के विशेषज्ञों और नवोदित डॉक्टरों को अपनी सर्जिकल क्षमताओं को निखारने का अवसर मिला.

इस प्रशिक्षण के लिए 8 विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने मार्गदर्शन किया. इनमें डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. मुकेश लड्डा, डॉ. आदित्य पावसकर, डॉ. सागर काकतकर, डॉ. डी.एस. भामरे, डॉ. प्रवीण तित्तल, डॉ. सी.आर. सुरेश बाबू और डॉ. अर्पित दवे शामिल थे. इन विशेषज्ञों ने अपने व्यापक अनुभव से जटिल आर्थ्रोस्कोपी प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया. दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर (डीयू) के निदेशक डॉ. अनुप मरार ने कहा, कि इस कार्यशाला में कुल 28 प्रतिनिधियों ने आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी की उन्नत तकनीकों को सीखने में सक्रिय रूप से भाग लिया. ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ जैन और डॉ. वसंत गावंडे के नेतृत्व में, विभाग के प्रोफेसरों ने राष्ट्रीय विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को संस्थान में उपलब्ध सर्वोत्तम सुविधाओं से परिचित कराया.

इस कार्यशाला की सफलता सुनिश्चित करने के लिए संस्थान की समर्पित टीम ने विशेष प्रयास किए. इस टीम में डॉ. वसंत गावंडे, डॉ. कुणाल सावजी, डॉ. तेजस आपटे, डॉ. अजय नेनवानी, डॉ. अंजली बोरकर, डॉ. तृप्ति बलवीर और इलेक्ट्रॉनिक डेटा प्रोसेसिंग (ईडीपी) विभाग से विवेक शामिल थे. डॉ. ब्रिज सिंह, एसव्हीएल टीम, शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) विभाग और डीएमएमसी एवं एसएमएचआरसी की पूरी टीम ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस कार्यक्रम का समन्वय अलिया शफी द्वारा किया गया. डीएमएमसी के डीन, डॉ. उज्ज्वल गजबे ने कहा कि इस पहल ने दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को उन्नत करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है. इस कार्यशाला के माध्यम से ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञों को अपनी सर्जिकल क्षमताओं को विकसित करने का एक मंच मिला, जिससे आर्थ्रोस्कोपी प्रक्रियाओं में और सुधार करने में सहायता मिली. इस कार्यशाला की सफलता ने भविष्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक नई मिसाल कायम की है और डीएमएमसी को उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा केंद्र के रूप में और मजबूत किया है.

# MERC के टेरिफ कटौती के निर्णय का NVCC ने किया स्वागत

**नागपुर.** MSEDCL द्वारा वर्ष 2025 से 2023 के लिए मल्टी इयर टैरिफ पिटीशन का MERC के समक्ष प्रस्तावित किया था. जिसका राज्य के व्यापारियों में रोष था तथा चेंबर द्वारा विरोध करते हुये बिजली बिल के टेरिफ को न बढ़ाने मांग की थी. जिसे मान्य करते हुये महाराष्ट्र सरकार एवं MERC सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए 10 प्रतिक्षत से 15 तक प्रतिक्षतटेरिफ में कटौती की है. जिसमें वर्ष 2025 से 2030 तक कोई बदलाव नहीं किए जायेगे.

चेंबर के अध्यक्ष अर्जुनदास आहुजा ने कहा कि बिजली बिल में कटौती करने का यह निर्णय सराहनीय है, चेंबर इसका स्वागत करता तथा इसके लिए वे चेंबर की ओर से नागपुर के लाडले नेता महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र जी फडणवीस का आभार मानते है जिन्होंने व्यापारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुये टेरिफ में उपरोक्त कटौती करने का निर्णय लिया. चेंबर के उपाध्यक्ष व ऊर्जा समिती संयोजक फारूक अकबानी ने टेरिफ 10 प्रतिक्षत से 15 तक प्रतिक्षत में कटौती से सभी वर्ग के व्यापारियों व उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा पर इसका विशेष लघु व मध्यम वर्ग के व्यापारियों को मिलेगा, उनके बिजली के बिलों 10 प्रतिक्षतसे 25 तक प्रतिक्षत की कमी आ सकती है.







चेंबर के सचिव सचिन पुनियानी ने कहा कि इस टेरिफ कटौती से रूफ टॉप सौर ऊत्पादन और ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और सभी प्रतिष्ठानों एवं व्यवसायों के बिजली बिलों भारी कमी होगी जिसके उनके व्यापार में वृद्धि होगी. यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से चेंबर के सचिव सचिन पुनियानी ने दी है.



# बच्चों के व्यवहार में उतारें अच्छी आदतें

बच्चे अपने पेरेंट्स की लगभग हर अच्छी-बुरी आदतें सीखते हैं, क्योंकि पेरेंट्स ही उनके रोल मॉडल होते हैं. जैसा व्यवहार माता-पिता करते हैं, बच्चा भी धीरे-धीरे वैसा ही व्यवहार करने लगता है. इसलिए बच्चों के सामने माता-पिता खुद को कैसे प्रस्तुत कर रहे हैं, इस बात का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है. पेरेंट्स का सही व्यवहार ही बच्चों को सही मार्गदर्शन दिखाता है. उनकी सहानुभूति, संवेदनशीलता, जैसे अच्छे गुणों को देखकर बच्चे उन आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं. इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ हमेशा पॉजिटिव रहकर, उन्हें बातों को समझाना चाहिए. उन्हें सही और गलत के बीच का अंतर समझाना चाहिए और उन्हें अच्छा इंसान बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए. बच्चों में अच्छी आदतों को अपनाने के लिए पेरेंट्स को भी अच्छे उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए. खुद में सुधार करके ही बच्चों का भविष्य सुधारा जा सकता है. तो आइए जानते हैं अपनी किन आदतों पर माता-पिता को खास ध्यान देना चाहिए.



### आत्म नियंत्रण या खुद पर कंट्रोल

पेरेंट्स अपने बच्चों को अपनी भावनाओं को कंट्रोल में रखना और व्यक्त करना सिखाते हैं. अपने माता-पिता को देखकर ही बच्चे अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करना सीखते हैं.

**दयालु** : माता-पिता के लिए जरूर है कि वे न केवल अपने बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें, बल्कि दूसरे के साथ भी दया और सहानुभूति का भाव प्रकट करें. इससे बच्चा भी दया और परोपकार की भावना के बारे में समझ पाएगा.

**शेयरिंग की आदत** : बच्चा अपने दोस्तों के साथ अपनी खाने-पीने और खेलने की चीजें शेयर करे, यह बेहद जरूरी है. इससे उनकी सोशल स्किल्स बेहतर होती हैं. इसलिए जरूरी है कि माता-पिता बच्चों को चीजें शेयर करना सिखाएं और इसके लिए उन्हें खुद यह करना शुरू होगा.

**दूसरों को सुनें** : बच्चा दूसरों की बातों को सुने और समझने की कोशिश करें, इसके लिए जरूरी है कि माता-पिता बच्चों से बात करते हुए और आपस में बात करते समय एक-दूसरे को सुनें. इससे बच्चा भी धीरे-धीरे यह आदत सीखेगा.

**आभार प्रकट करना** : पेरेंट्स जब अपने बच्चों की सहायता करते हैं या उन्हें कुछ सिखाते हैं, तो बच्चे बदले में आभार प्रकट करते हैं, जिसमें वे उन्हें थैंक यू बोलते हैं. यह उनके लिए आदर्श स्थिति बनती है, इससे बच्चे सीखते हैं कि दूसरों के प्रति आभार प्रकट करना कितना महत्वपूर्ण है.

**जिम्मेदारियों का एहसास**

पेरेंट्स अपने बच्चों को उनकी छोटी-छोटी जिम्मेदारियों का महत्व समझाते हैं और उन्हें अनुशासन क्या होता है, यह सिखाते हैं.

# बच्चों को बनाए आत्मनिर्भर

सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों को अच्छी परवरिश मिले और वो अपनी जिम्मेदारी समय से समझकर अपने पैरों पर जल्दी खड़े हो जाएं. बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उसे शुरू से आत्मनिर्भरता का गुण सिखाना बहुत जरूरी है. लेकिन बच्चों का भविष्य उनके माइंड सेट और व्यवहार पर निर्भर करता है. कोई भी बच्चा कैसा व्यवहार करता है ये उसकी परवरिश पर निर्भर करता है. ऐसे में अगर आप अपने बच्चे से चाहते है कि वो अपने किसी भी काम लिए दूसरों पर निर्भर न रहे बल्कि शुरू से ही इंडिपेंडेंट बनकर रहे, तो ये कुछ खास टिप्स आपके काम आ सकते हैं.

**धैर्य रखना सिखाएं** : खेल कूद हो या परीक्षा में मिले अंक, कई बार असफलता मिलने पर बच्चे जल्दी निराश और दुखी होने लगते हैं. ऐसे में पेरेंट्स होने के नाते आपको बच्चे को धैर्य रखते हुए कार्य करना सिखाना होगा. बच्चों में धैर्य का गुण पैदा करने से उनके भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा और वो अगली बार पूरी मेहनत से आगे बढ़ेंगे.



**अपना काम स्वयं करने दें** : बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पेरेंट्स को दूसरी बड़ी बात यह ध्यान रखनी है कि बच्चों को उनके काम खुद ही करने दें. हालांकि उनके काम करते समय उन पर अपनी नजर जरूर बनाए रखें. उदाहरण के लिए स्कूल का होम वर्क, भोजन करना. ऐसा करने से उनके भीतर आत्म-निर्भरता बढ़ने के साथ अनुशासन भी आएगा.

**फैसले लेने की आजादी** : बच्चों में बचपन से ही सेल्फ कॉन्फिडेंट बढ़ाने के लिए उन्हें खुद से जुड़े छोटे-छोटे निर्णय खुद लेने की आजादी दें. बच्चों को अपना पसंदीदा खेल, फेवरेट मूवी और घूमने की जगहें खुद चुनने के लिए कहें.

### बच्चों को दें पूरा समय

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पेरेंट्स को भी उन्हें समय जरूर देना चाहिए. इसके लिए बच्चों के साथ बातें करते समय उन्हें नई जानकारियां देने की कोशिश करें और उनके साथ खेल में भी भाग लें. घर के छोटे-छोटे कामों को करते समय उसमें बच्चों को शामिल करके उनकी मदद लें. ऐसा करने पर बच्चे के अपने पेरेंट्स के साथ संबंध अच्छे होंगे. इन कामों में आप पेड़ों का पानी देना, घर की डस्टिंग करवाना, घर की सफाई, खाना बनाना शामिल कर सकते हैं. ध्यान रखें, ऐसा करते समय बच्चे पर नजर बनाएं रखें और उसे कोई कठीन काम करने के लिए न दें.

## पेरेंटल बर्नआउट



परफेक्ट पेरेंटिंग का प्रेशर आज के समय में कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है. बच्चा स्मार्ट बने, उसमें कई तरह की स्किल्स हों. यहां तक कि एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज में भी वो सबसे आगे रहे. पेरेंट्स छोटे बच्चे से कुछ ज्यादा ही एक्सपेक्ट कर रहे हैं. उन्हें ऑल राउंडर बनाने के चक्कर में अभिभावक पेरेंटल बर्नआउट का शिकार हो रहे हैं. जिसका असर न सिर्फ पेरेंट्स, बल्कि बच्चों पर भी पड़ रहा है. आइए जानते हैं क्या है यह समस्या और कैसे करना है इसे हैंडल. हाल ही में एक स्टडी में खुलासा किया गया है कि परफेक्ट पेरेंटिंग का प्रेशर लोगों में तनाव व डिप्रेशन की वजह बन रहा है. ज्यादातर पेरेंट्स को लगता है कि ये तनाव, चिंता पेरेंटिंग का ही हिस्सा है.

# एंजॉय करें पैरेंटहुड

बॉलीवुड एक्ट्रेस यमी गौतम हाल ही में मां बनी हैं. वह पैरेंटहुड एंजॉय कर रही हैं. वहीं, ग्लोबल सेलिब्रिटी जस्टिन बीबर ने भी हाल ही में अनाउंस किया कि वे पैरेंट्स बनने वाले हैं. इसे लेकर वह काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं. अगर आप भी पहली बार पैरेंट्स बनने वाले हैं और बच्चे की परवरिश को लेकर घबराए हुए हैं तो डरने की कतई जरूरत नहीं है. आइए आपको बताते हैं कि पहली बार पैरेंट्स बनने वालों को क्या-क्या तैयारी करनी चाहिए, जिससे आप पैरेंटहुड एंजॉय कर सकें.

### बच्चे से कैसे बनाएं कनेक्शन?

यह बात वाजिब है कि जन्म लेने के बाद बच्चा कुछ भी समझने की स्थिति में नहीं होता है. ऐसे में उसके साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताएं. इससे आपका इमोशनल बॉन्ड मजबूत होगा. वहीं, जब बच्चा बार-बार आपको देखेगा तो अटेंशन महसूस करेगा. इससे वह भी आपसे जुड़ाव महसूस करेगा.

### रंगों से खींचें ध्यान

नवजात बच्चा कुछ बोल नहीं पाता, लेकिन देखकर और सुनकर चीजों को समझने के साथ-साथ उस पर गौर फरमाने की कोशिश करता है. ऐसे में बच्चे को अलग-अलग रंगों की तस्वीरें दिखाएं. इससे वह आपके इशारों को समझकर उन तस्वीरों की तरफ देखने की कोशिश करेगा और रिएक्ट भी करेगा. इससे बच्चे के स्किल्स डिवेलप होंगे. जब कपल की जिंदगी में बच्चे की एंट्री होती है तो उसकी देखभाल में वे अपने क्वालिटी टाइम को भूल जाते हैं. ऐसा करना बेहद गलत है. अगर यह स्थिति लगातार जारी रहती है तो रिलेशनशिप में दूरी आने लगती है.




### नींद पूरी करने का भी रखें ख्याल

नए-नए पैरेंट्स अक्सर अपनी नींद न पूरी होने की शिकायत करते रहते हैं, क्योंकि बच्चे के रुटीन की वजह से उनकी नींद कई बार अधूरी रह जाती है. यहां तक कि खुद का शेड्यूल भी काफी हद तक बिगड़ जाता है. ऐसे में अपने डेली पैटर्न को बच्चे के हिसाब से बदलने की कोशिश करें, जिससे आप पूरी तरह एनर्जेटिक रहेंगे. साथ ही, बच्चे का ख्याल भी अच्छी तरह रख पाएंगे.

# वेकेशन को बनाए मजेदार

गर्मी की छुट्टियों में पेरेंट्स बच्चों को बिजी रखने के लिए क्या करें, इसे लेकर बहुत कनफ्यूज रहते हैं. बिजी रहने और कुछ न समझ आने पर वो बच्चों को मोबाइल थमा देते हैं या फिर आईपैड और टीवी में इंगेज रखते हैं. दिमाग को फ्रेश रखने के लिए थोड़ा-बहुत मनोरंजन भी जरूरी है, लेकिन अगर दिनभर बच्चे इन्हीं चीजों में घुसे रहें, तो ये उनकी फिजिकल और मेंटल दोनों हेल्थ के लिए खराब है. वैसे और भी कई तरीके हैं, जिनसे आप बच्चों को बिना मोबाइल फोन दिए कर सकते हैं उनकी बोरियत दूर. साथ ही उनके समर वेकेशन को बना सकते हैं मजेदार. आइए जानते हैं कैसे.कुकिंग में बच्चों की हेल्प लें. सब्जियों को चुनना, धोना, सलाद और सैंडविच तैयार करना जैसे आसान काम उनसे करवाएं. हेल्दी खानपान और इसके फायदों के बारे में समझाएं. कुकिंग के साथ हाइजीन के बारे में बताएं. इससे वो इंगेज तो रहेंगे ही साथ ही खानपान पर भी एक्स्ट्रा ध्यान देंगे.



### एक रूटीन बनाएं

गर्मी की छुट्टियों में स्कूल जाने की टेंशन नहीं होती, जिस वजह से बच्चे आराम से सोकर उठते हैं, जब मन चाहे खाना खाते हैं और पढ़ने-लिखने से भी बचते हैं. वैसे तो छुट्टियों का मतलब ही यही है, लेकिन अगर आप चाहते हैं बच्चा छुट्टियों का सही तरह से इस्तेमाल करें, तो इसके लिए उसका रूटीन बनाएं. हर दिन के लिए कुछ न कुछ टास्क सेट करें. थोड़ी छूट दे सकते हैं, लेकिन कोशिश करें उन्हें कुछ नया सीखने को मिले.

### क्रिएटिव हैबिट डेवलप करें

छुट्टियों के दौरान उन्हें पढ़ाई से अलग किसी दूसरी तरह की हॉबी क्लास ज्वॉइन करवाएं. म्यूजिक, डांस, स्वीमिंग, स्केटिंग, किसी तरह के स्पोर्ट्स में अगर उनकी रूचि है, तो उसे आगे बढ़ाएं. एक तो छुट्टियों का अच्छा इस्तेमाल होगा, दूसरा वो बोर नहीं होंगे और तीसरा एक नई स्किल्स डेवलप होगी.

CMYK

राष्ट्रबाण
# विदर्भ VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।
तापमानः नागपुर, अधिकतम 39.9°C न्यूनतम 21.0°C
नागपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

## ...नहीं तो वे आत्मदाह कर लेंगी

### गड़चिरोलि की 40 महिलाओं ने दी चेतावनी



**गढ़चिरौली.** जिले के चामोर्शी से भाजपा नगरसेवक आशीष पीपरे के खिलाफ महिलाओं ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है. आशीष पिपरे ने गुरुवार 31 मार्च को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अगरबत्ती उद्योग के लिए ऋण लेकर 40 से अधिक महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया. इस बीच, भाजपा पार्षद आशीष पिपरे ने इन आरोपों से इनकार किया है.

पत्रकार वार्ता में कविता किरमे, दिलीप किरमे, वंदना कोठारे, शालिनी पिपरे आदि उपस्थित थे. इस बार महिलाओं ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर खरीदी-बिक्री के लेन-देन सहित अगरबत्ती व्यवसाय की आड़ में धोखाधड़ी की गई है, तथा चिचडोह बैराज में अधिग्रहित जमीन का अधिक दाम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है. महिलाओं ने यह भी चेतावनी दी कि यदि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की गई तो वे आत्मदाह कर लेंगी. इस संबंध में मैंने सभी साक्ष्यों के साथ पुलिस थाने और न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई , लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. हालांकि, महिलाओं ने कहा कि वे न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रखेंगी.

**पार्षद ने आरोपों से इनकार किया:** ये सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं. सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ मेरी राजनीतिक लड़ाई जारी है. इसलिए मेरी छवि खराब करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है. राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर निराधार आरोप लगाने के बजाय संबंधित लोगों को मेरे खिलाफ पुलिस थाने और अदालत में जाना चाहिए. मुझे बदनाम करने वालों के खिलाफ मैं कानूनी कार्रवाई करूंगा, ऐसा नगरसेवक आशीष पिपरे ने कहा.

### नेताओं के नाम पर धमकी का दावा

मुझे बैंक से ऋण वसूली के लिए नोटिस मिलने पर झटका लगा. हम चार साल से इसकी शिकायत थाने, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कर रहे हैं, लेकिन हमें कहीं से न्याय नहीं मिला. शिकायतकर्ता महिलाओं ने आरोप लगाया कि पार्षद आशीष पिपरे ने नेताओं के नाम पर उन्हें धमकाया. उन्होंने पूर्व सांसदों के नाम भी बताये.

## फास्ट ट्रैक

### पत्नी से तंग आकर दी पति जान

**अकोला.** अकोला तेल्हारा में पत्नी की गालियों और प्रताड़ना से तंग आकर तलाठी (अकाउंटेंट) शिलानंद माणिकराव तेलगोटे (39) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पूरा मामला 30 मार्च का शेगांव मार्ग स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) के पीछे एमआईडीसी का बताया जा रहा है.

जानकारी के मुताबिक तेल्हारा तहसील कार्यालय में तलाठी (अकाउंटेंट) के पद पर कार्यरत शिलानंद तेलगोटे गाडेगांव रोड इलाके में अपने परिवार के साथ रहते थे. दोपहर करीब 4 बजे उन्होंने पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर फांसी लगा ली.

आत्महत्या से पहले उन्होंने व्हॉट्सऐप स्टेट्स पर अपने दर्द को बयां किया था. स्टेट्स में उन्होंने पत्नी द्वारा बच्चों के सामने लगातार गालियां देने और फांसी लगाने के लिए उकसाने का जिक्र किया था. मृतक ने स्टेट्स में लिखा कि पत्नी उसे बार-बार फांसी लगाने को कहती थी. साथ ही उन्होंने पत्नी के भाई प्रवीण गायगोले का भी जिक्र किया. प्रवीण गायगोले को उन्होंने खेती के लिए ब्याज पर पैसे दिलवाए थे. लेकिन, गायगोले ने पैसे वापस नहीं किए. जिससे तेलगोटे का वेतन लगातार ब्याज और मूलधन की कटौती की वजह से प्रभावित हो रहा था. स्टेटस में तेलगोटे ने लिखा कि वह पिछले 5 दिनों से भूखा था और खाने को तरस रहा था. तेलगोटे ने अंतिम इच्छा जताई कि चेहरा पत्नी को न दिखाया जाए. घटना की सूचना मिलते ही तेल्हारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.

# सरकारी धान खरीदी में 1 करोड़ 43 लाख का गबन

### गोरेगांव में 3 केंद्र प्रमुखों और ग्रेडर पर कार्रवाई

**गोंदिया.** वर्ष 2023-24 के दौरान सरकारी धान खरीदी केंद्र पर खरीदे गए कुल धान से कम धान का उठाव राइस मिलर्स द्वारा किया गया. ऑडिट रिपोर्ट में 1 करोड़ 43 लाख 72 हजार 310 रुपए की धोखाधड़ी होने की बात सामने आई है. इस मामले में ऑडिटर की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने 29 मार्च को गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील में सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अंतर्गत आने वाले तीन धान खरीदी केंद्रों के तीन ग्रेडर और दो केंद्राध्यक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. गोंदिया जिले में खरीफ और रबी सीजन के दौरान सरकारी धान खरीदी केंद्र पर धान की खरीदी की जाती है, ताकि किसानों को गारंटी मूल्य से कम कीमत न मिले. जिला विपणन संघ और आदिवासी विकास निगम द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी केन्द्र से गारंटी के तहत धान की खरीदी की जाती है.



### धान को आपस में ही बेचने के मामले

इसके बाद खरीदे गए धान को राइस मिलर्स से अनुबंध कर थोक में बेचा जाता है और सीएमआर राइस भेजकर सरकार के पास जमा करा दिया जाता है. लेकिन जिले में कुछ संस्थाओं द्वारा खरीदे गए धान को आपस में ही बेचने के मामले प्रकाश में आए हैं और आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए हैं. गोरेगांव सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अंतर्गत आने वाले तीन धान खरीदी केंद्रों पर ऐसी ही स्थिति सामने आई है. ऑडिट में पता चला कि तीन ग्रेडर और दो केंद्राध्यक्षों ने यहां खरीदे गए धान का दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप 1 करोड़ 43 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता हुई. गोरेगांव पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

## शहर में बड़े बकायेदारों की 78 संपत्तियों को प्रशासन ने किया सील

**अकोला.** पिछले 13 मार्च से अकोला नगर निगम प्रशासन की ओर से संपत्ति कर नहीं चुकाने वाले बड़े बकाएदारों पर सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है. 13 से 28 मार्च 2025 तक पखवाड़े की अवधि के दौरान शहर में 78 संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है. संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है. अभय योजना के तहत टैक्स भरने का आज 31 मार्च आखिरी दिन है.

मनपा आयुक्त व प्रशासक डॉ सुनील लहाने के आदेश पर तथा उपायुक्त गीता ठाकरे व कर अधीक्षक विजय पार्टवार के मार्गदर्शन में संपत्ति कर विभाग के सहायक आयुक्त व वसूली अधिकारियों ने अभियान चलाया. पिछले 13 मार्च से शहर के सभी चार वार्डों पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी में पांच साल या उससे अधिक समय से टैक्स नहीं चुकाने वाले बड़े टैक्स बकायेदारों के खिलाफ संपत्ति सीलिंग की कार्रवाई शुरू की गयी है. इस कार्रवाई में विभिन्न वार्डों में 78 बड़े बकाएदारों की संपत्ति 28 मार्च तक सील कर दी गई. शिवार में एक संस्थान के संचालन के दौरान टीम के काम में बाधा डालने के आरोप में एमआईडीसी पुलिस में मामला भी दर्ज किया गया है.



संपत्ति मालिकों को कर चुकाते समय ब्याज में राहत दिलाने के लिए मनपा आयुक्त डॉ. सुनील लहाने ने 20 से 31 जनवरी 2025 तक शास्ति अभय योजना लागू की. यह 31 मार्च को समाप्त हो जाएगा. इसके बाद बकाएदारों को ब्याज सहित टैक्स देना होगा. नगर निगम के संपत्ति कर विभाग की सालाना डिमांड 80 करोड़ 29 लाख 88 हजार 964 रुपये थी.

## शिंदे 3 को यवतमाल में मतदाताओं का आभार जताएंगे

**यवतमाल.** हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने महायुति को भारी मत देकर सत्ता में पहुंचाया. इसके लिए आभार व्यक्त करने के लिए शिवसेना प्रमुख नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे राज्य की अपनी आभार यात्रा के अवसर पर जनता से संवाद कर रहे हैं. राज्य के मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री तथा जिले के संरक्षक मंत्री संजय राठौड़ ने बताया कि वह गुरुवार, 3 अप्रैल को यवतमाल पहुंचेंगे.

वे सोमवार को स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे. इस धन्यवाद यात्रा के उपलक्ष्य में स्थानीय समता मैदान (पोस्टल ग्राउंड) में शाम 4 बजे एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाएगी. संजय राठौड़ ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस बैठक में जिले भर के लोगों से बातचीत करेंगे. इस कार्यक्रम में शिवसेना सरकार के सभी मंत्री मौजूद रहेंगे. एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद एकनाथ शिंदे ने जनहित में अनेक निर्णय लेकर पूरे देश में महाराष्ट्र का गौरव बढ़ाया. उनके कार्यकाल के दौरान 500 से अधिक सरकारी निर्णय लिये गये. लगभग 18 विभिन्न निगम स्थापित किये गये. ये सभी कार्य ऐतिहासिक बन गये. उन्होंने वादा किया था कि राज्य में महागठबंधन सरकार आने के बाद वह मतदाताओं के घर जाकर उनका धन्यवाद करेंगे. चुनावों में महायुति की जीत जनता की है. इसलिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए राज्य भर में धन्यवाद यात्रा पर हैं. मंत्री संजय राठौड़ ने बताया कि वे गुरुवार को यवतमाल में आयोजित बैठक में जनता से संवाद करेंगे .



उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तियां शिवसेना में शामिल होंगी . मंत्री संजय राठौड़ ने यह भी कहा कि महागठबंधन में शामिल तीनों दलों ने आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सांगठनिक निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तीनों दल स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगे . किसानों की कर्ज माफी की बात करते हुए सरकार ने कर्ज माफी से इनकार नहीं किया . किसानों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों का क्रियान्वयन जारी है . इस अवसर पर मंत्री संजय राठौड़ ने कहा कि महायुति सरकार घोषणापत्र में किए गए हर वादे को पूरा करेगी . पत्रकार सम्मेलन में शिवसेना जिला संपर्क प्रमुख हरिहर लिंगनवार, जिला प्रमुख श्रीधर मोहोड, पूर्व जिला प्रमुख पराग पिंगले आदि उपस्थित थे .

## बाघ ने किया किसान का शिकार इलाके में डर का माहौल

### ग्रामीणों ने वन विभाग के दफ्तर पर किया धावा



**भंडारा.** भंडारा जिले के लाखांदुर तहसील के खैरी के एक किसान पर बाघ ने हमला कर उसे मार डाला. इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है. इससे गुस्साए ग्रामीणों ने लाखांदूर स्थित वन विभाग कार्यालय पर धावा बोल दिया. खैरी निवासी किसान दकराम देशमुख रविवार शाम को अपने मक्के की फसल की सिंचाई करने खेत पर गए थे. लेकिन किसान रात होने के बाद भी वापस नहीं लौटा. परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने किसान की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका. आखिरकार सोमवार की सुबह उसका शव उसके ही खेत में मिला. बाघ ने उसे मार डाला और खा गया. किसान की मौत से गांव में भय का माहौल बन गया है. ग्रामीणों ने लाखांदूर स्थित वन विभाग कार्यालय की ओर मार्च किया. ग्रामीणों की मांग है कि बाघ को जल्द पकड़ा जाए.

## विदर्भ पंढरी में रामनवमी उत्सव उत्साह के साथ शुरू

**बुलढाणा.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विदर्भ के पंढरी शेगाँव में श्री रामनवमी महोत्सव पारंपरिक उत्साह एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ. इस बीच, मराठी कैलेंडर के अनुसार, नए साल के पहले दिन गुड़ी पड़वा पर देवी के दर्शन के लिए राज्य भर से भक्त शेगाँव शहर में एकत्र हुए.

संत गजानन महाराज संस्थान का प्रमुख उत्सव रामनवमी महोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भक्तिमय वातावरण में शुरू हुआ. इसमें मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक गतिविधियां होंगी, जैसे सुबह 6 से 6.45 बजे तक काकड़ा, सुबह 7.15 से 9.15 बजे तक भजन, शाम 4 से 5 बजे तक प्रवचन, शाम 5.15 से 6 बजे तक हरिपाठ तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक महाराष्ट्र के प्रसिद्ध महाराजों द्वारा श्री हरि कीर्तन. यह रविवार, 30 मार्च से रविवार, 6 अप्रैल तक एक सप्ताह तक चलेगा. रविवार 30 मार्च को रात्रि 8 बजे से 10 बजे के मध्य एच बी पी भाऊराव बुवा सुशीर श्री क्षेत्र मुक्ताई नगर द्वारा श्री हरि कीर्तन किया गया.

### नववर्ष मनाने उमड़े श्रद्धालु



आज सोमवार 31 मार्च को एच बी पी ज्ञानेश्वर बुआ काकड़े मु हावरगांव, मंगलवार 1 अप्रैल को एच बी पी पोपट बुआ फरकड़े छत्रपति संभाजीनगर, बुधवार 2 अप्रैल को एच बी पी बलीराम बुआ दौंड मु का कीर्तन होगा. शिवार, गुरुवार 3 अप्रैल को एच बी पी ज्ञानेश्वर बुआ बेलदारवाड़ीकर बेलदारवाड़ी, शुक्रवार 4 अप्रैल को एच बी पी सोपान बुआ सानप (शास्त्री) हिंगोली , शनिवार 5 अप्रैल को एच बी पी भागीरथ बुआ काले नासिक द्वारा एच बी पी भागीरथ बुआ काले नासिक का कीर्तन किया जाएगा. रविवार चैत्र शुद्धि 9 को श्री राम नवमी पर एच बी पी श्री राम बुआ ठाकुर लातूर द्वारा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 'श्री राम जन्मोत्सव' कीर्तन किया जाएगा.

**भजन और स्तुतिः** इस बीच, रामनवमी उत्सव के अवसर पर पवित्र शहर शेगाँव में भजन मंडलियों का आगमन शुरू हो गया है. राज्य भर से भजन गायक ज्ञानोबा तुकाराम, श्री राम जय राम, जय जय राम जैसे नामों का जाप करते हुए शहर में पहुंच रहे हैं.

### रामनवमी पर नगर परिक्रमा

अध्यात्म रामायण स्वाहाकार यज्ञ 2 अप्रैल से शुरू होगा. श्री रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में अध्यात्म रामायण स्वाहाकार यज्ञ 2 अप्रैल 2020, बुधवार को चैत्र मास की पंचमी तिथि से प्रारंभ होगा. चैत्र शुक्ल 9, रविवार, 6 अप्रैल को श्री राम नवमी पर यज्ञ पूर्णाहुति एवं अवभृतस्नान प्रातः 10 बजे होगा. इसके बाद दोपहर में श्री रामनवमी महोत्सव के अवसर पर श्री की पालकी, घोड़ों, ध्वजधारी तालकारी और वारकरी ताल के साथ मृदुंग की ध्वनि और हरि नाम के संकीर्तन के साथ पालकी यात्रा के लिए रवाना होगी.

### श्री राम महोत्सव का समापन

131वें श्री रामनवमी महोत्सव का समापन सोमवार, 7 अप्रैल को सुबह 6 से 7 बजे तक हबप प्रमोद बुवा रहाणे पलाशी द्वारा कीर्तन और उसके बाद दही हांडी गोपाल कला के साथ होगा.

## पुलिस हत्याकांड में 4 आरोपी गिरफ्तार

### अनैतिक संबंधों का मामला!

**बुलढाना.** रविवार को देउलगांव राजा क्षेत्र में बंद चार पहिया वाहन में एक पुलिसकर्मी का शव मिलने से पुलिस बल में हड़कंप मच गया. जब यह स्पष्ट हो गया कि पुलिसकर्मी की हत्या कर दी गई है, तो पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी ! पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले को सुलझाने और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है. इस बीच, विस्तृत जांच से पता चला है कि यह मामला अनैतिकता से जुड़ा है. पता चला कि मृतक पुलिसकर्मी के एक रिश्तेदार और गांव के एक स्थानीय नेता ने एक कुख्यात गुंडे को सुपारी देकर पुलिसकर्मी की हत्या करवाई थी. इससे पहले, देउलगांव राजा क्षेत्र और पुलिस बल कल, रविवार, 30 मार्च को सचमुच हिल गया था. देउलगांव राजा सिंदखेडराजा रोड पर आर. जे. इंटरनेशनल स्कूल के सामने वन विभाग परिसर में मारुति स्विफ्ट गाड़ी में पुलिसकर्मी का शव मिलने से हड़कंप मच गया. जांच के बाद पता चला कि पुलिस अधिकारी की गला घोंटकर हत्या की गई थी.

**तेजी से जांचः** इस बीच, घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी मनीषा कदम, स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक अशोक लांडे और उनकी टीम तथा देउलगांव राजा पुलिस स्टेशन के थानेदार संतोष महल्ले ने योजनाबद्ध और तेजी से जांच की. इस मामले के मुख्य आरोपी को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया. पता चला कि यह हत्या अनैतिक संबंध का परिणाम थी. पुलिस ने इस मामले में अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुख्य आरोपी का नाम बाबासाहेब म्हस्के (42) है, जो गिरोला खुर्द की राजनीति में सक्रिय है और उसकी पत्नी पूर्व सरपंच है. आरोपी बाबासाहेब म्हस्के की पत्नी अभी भी ग्राम पंचायत सदस्य है. अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह हत्या अनैतिक संबंध के कारण की गई थी. टाइगर ने उस काम के लिए बाबासाहेब म्हस्के को अपने दो आदमी दिए. 29 मार्च की रात को बाबासाहेब म्हस्के ने मृतक ज्ञानेश्वर म्हस्के को देउलगांव राजा मार्ग स्थित एक होटल में शराब परोसी थी. बाबासाहेब म्हस्के ने होटल का बिल भी चुकाया.




### और... सुपारी

ज्ञानेश्वर म्हस्के जालना पुलिस बल में राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात पुलिसकर्मी के रूप में कार्यरत थे . मूल रूप से गिरोली खुर्द (अब देउलगांव राजा) से. ज्ञानेश्वर म्हस्के अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ जालना के अंबाड़ चौफुली में रहते थे. पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी बाबासाहेब म्हस्के और मृतक पुलिस अधिकारी ज्ञानेश्वर म्हस्के दोस्त थे. उनमें गहरी मित्रता थी. बाबासाहेब म्हस्के ने इस मित्रता का 'फायदा' उठाया. उसने म्हास्के की पत्नी के साथ अनैतिक संबंध बना लिये. बाबासाहेब म्हस्के ने ज्ञानेश्वर म्हस्के को हटाने का फैसला किया था क्योंकि वह इस रिश्ते में बाधा बन रहे थे. इसके लिए उसने जालना के 'टाइगर' नामक गुंडे को 5 से 6 लाख रुपए की सुपारी दी थी. उन्होंने 29 मार्च का दिन चुना.

**अपराध** उप तहसीलदार द्वारा जारी...

# 3220 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रद्द किये गये

**अकोला.** जिला कलेक्टर भुवनेश्वरी एस ने वाशिम जिले में नायब तहसीलदारों द्वारा जारी किए गए 3,220 जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश दिया है. द्वारा दिए गए. निरस्त प्रमाण पत्र के मामले में पुनः जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा. जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधन अधिनियम, 2023) की धारा 13 (3) के तहत प्रावधान है कि कोई भी जन्म या मृत्यु जो उसके होने के एक वर्ष के भीतर पंजीकृत नहीं की गई है, उसे सत्यापन के बाद जिला मजिस्ट्रेट, उप-मंडल मजिस्ट्रेट या अधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश से पंजीकृत किया जाएगा.



वाशिम जिले में कार्यपालक मजिस्ट्रेट को शक्तियां प्रदान की गईं. जिला कलेक्टर कार्यालय के आदेशानुसार नायब तहसीलदार राजस्व एवं निवासी नायब तहसीलदार को शक्तियां प्रदान की गई. इस प्राधिकरण के तहत वाशिम जिले में नायब तहसीलदारों द्वारा 3,063 जन्म और 157 मृत्यु सहित कुल 3,220 प्रमाण पत्र जारी किए गए. इसमें वाशिम तालुका से 378, मालेगांव से 418, रिसोड से 534, मंगरुलपीर से 969, करंजा से 522 और मनोरा तालुका से 399 प्रमाण पत्र शामिल हैं.

राज्य सरकार के 17 मार्च के पत्र के अनुसार, 11 अगस्त 2023 से स्थगन आदेश तक अकोला जिले सहित राज्य में जारी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों में से, तहसीलदार और तालुका मजिस्ट्रेट से नीचे के अधिकारियों द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र रद्द किए जा रहे हैं. राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सक्षम अधिकारियों से इनका पुनः परीक्षण करवाकर इस पर निर्णय लें. तदनुसार, वाशिम जिला मजिस्ट्रेट ने जिले के सभी राजस्व उप तहसीलदारों और निवासी उप तहसीलदारों द्वारा जारी आदेशों को रद्द करने और उनकी पुनः जांच करने का निर्णय लिया. इस आदेश से फर्जी और जाली दस्तावेजों के जरिए प्रमाण पत्र हासिल करने वालों को बड़ा झटका लगा है.

### अनेक शिकायतों के बाद प्राधिकरण में परिवर्तन

राज्य सरकार ने जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण में देरी के कारण तहसीलदार से नीचे के स्तर के अधिकारियों द्वारा जारी प्रमाण-पत्रों को रद्द करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इस प्रकार जारी किये गये प्रमाणपत्रों का सक्षम प्राधिकारियों द्वारा पुनः सत्यापन किया जाएगा. राज्य में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण में देरी के संबंध में कई शिकायतें मिलने के बाद इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था. उस रोक को भी हटा दिया गया और प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई.



राष्ट्रबाण
नागपुर VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।

# वैदिक गणित के गुणवत्तापूर्ण केंद्र जरूरी

**मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा** | **वैदिक गणित पर खंडों का प्रकाशन**

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, भारत में विकसित विभिन्न विज्ञानों की नींव गणित पर आधारित है. इस ज्ञान को वैदिक गणित पर आधारित पुस्तक के माध्यम से समाज के सामने लाया जाएगा. इस वैदिक गणित के महत्व और उपयोगों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना महत्वपूर्ण है. इसके लिए भारती कृष्ण विद्या विहार में वैदिक गणित के लिए एक गुणवत्तापूर्ण केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए. ऐसी अपेक्षा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी.
मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को यहां यह बात कही. सोमवार को विश्व पुनर्निर्माण संघ द्वारा संचालित भारती कृष्ण विद्या विहार स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत द्वारा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आद्य शंकराचार्य कृष्ण तीर्थ महाराज द्वारा लिखित वैदिक गणित के दो खंडों के विमोचन हुए. इस दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस बोल रहे थे. कार्यक्रम में विश्व पुनर्निर्माण संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार काले और महासचिव शैलेश जोगलेक प्रमुखता से उपस्थिती थी.
मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, प्राचीन भारतीय संस्कृति में कई महत्वपूर्ण विज्ञान विकसित हुए हैं. हालांकि, तत्कालीन परिस्थितियों और विदेशी आक्रमणों के कारण इन विज्ञानों का ज्ञान सभी तक नहीं पहुंच सका. आद्य शंकराचार्य कृष्ण तीर्थ महाराज ने वेदों का अध्ययन किया और वैदिक गणित अनुभाग में संपूर्ण गणित को सरल तरीके से प्रस्तुत किया गया है. यह पुस्तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 5 से 7 तक के पाठ्यक्रम में शामिल की गई है. शंकराचार्य ने इन ग्रन्थों के माध्यम से वेदों में ज्ञान का भण्डार खोजा है. वैदिक गणित भारत के ज्ञान का एक महत्वपूर्ण और महान भंडार है. इसके अनुसंधान एवं संरक्षण के लिए भारती कृष्ण विद्या विहार में एक गुणवत्ता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए ऐसी आशा फडणवीस ने व्यक्त की. राज्य शिक्षा विभाग के माध्यम से भी वैदिक गणित को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए सकारात्मक सोच रखेंगे ऐसी बात भी फडणवीस ने कही.




## वैदिक गणित का विचार विश्व के कल्याण के लिए : डॉ. मोहन भागवत



सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा, मानव जीवन में कई मामलों में गणना, सांख्यिकी का एक अद्वितीय सामान्य महत्व है. वैदिक गणित का विचार, जो प्राचीन भारतीय परंपरा से आता है, विश्व के कल्याण के लिए है. विश्व में हो रहे विभिन्न आध्यात्मिक परिवर्तन और वैदिक गणित पुनर्निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. यह विश्व को अधिक खुशहाल और समृद्ध बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, ऐसा उन्होंने कहा.

# देश के लिए अनुशासित नागरिक बनाने का कार्य

## भोंसला मिलिट्री की CM ने की तारीफ

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, भोंसला मिलिट्री स्कूल के माध्यम से देश की सेना के लिए उत्कृष्ट अधिकारी और देश के लिए आधुनिकता को अपनाने वाले जवान और अनुशासित नागरिक बनाने का काम किया जा रहा है. यह बात कहते हुए उन्होंने स्कूल के काम की सराहना की.
भोंसला मिलिट्री स्कूल के परिसर में संस्था के संस्थापक डॉ. बालकृष्ण शिवराम मुंजे और जनरल बिपिन रावत की स्मृति में बनाया गया अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का उद्घाटन सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया. इस अवसर पर मार्गदर्शन देते हुए बोल रहे थे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सेवानिवृत्त एयर चीफ मार्शल शिरीष देव उपस्थित थे. वहीं मंच पर केंद्रीय हिंदू मिलिट्री एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सूर्यरतन डागा, भोंसला मिलिट्री स्कूल के अध्यक्ष शैलेश जोगलेकर, कुमार काले, दिलीप चव्हाण, राहुल दीक्षित, हेमंत देशपांडे, विवेक रानाडे, संजय जोशी, अमरेंद्र हरदास आदि मंच पर उपस्थित थे.
आगे बात करते हुए फडणवीस ने कहा, समाज में सैन्य मूल्यों की स्थापना, सेना का भारतीयकरण, उनमें लड़ने की क्षमता विकसित करने के लिए भोंसला मिलिट्री स्कूल की शुरुआत की गई है. आधुनिकता को स्वीकार करने वाली पीढ़ी तैयार करने का काम इस संस्था के माध्यम से किया जा रहा है. अनुशासित भारत के निर्माण के कार्य के साथ-साथ सेना को आधुनिकता की ओर ले जाने वाले सेना प्रमुख मेजर जनरल बिपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा युवाओं को उनके कार्यों से प्रेरित करने के लिए अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है. सभी भारतीयों को बिपिन रावत के कार्यों और आदर्शों को सदैव याद रखना चाहिए तथा छात्रों में दृढ़ संकल्प का संचार करना चाहिए. देश आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे आधुनिक हथियार भारत में बन रहे हैं और हम इन हथियारों का निर्यात भी कर रहे हैं. मुख्यमंत्री फडणवीस का मानना है कि एक मजबूत भारत ही दुनिया को शांति का संदेश दे सकता है, क्योंकि भारत ने हमेशा शांति के लिए काम किया है, ऐसा उन्होंने कहा.




### भारत के पास दूरदर्शी नेतृत्व : शिरीष देव

एयर मार्शल शिरीष देव ने कहा कि भोंसला मिलिट्री स्कूल एनडीए की तर्ज पर विकसित हो रहा है और यहां से छात्रों को बेहतर सैन्य शिक्षा मिल रही है. उन्होंने कहा कि प्रशासन सैनिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और महाराष्ट्र में सैन्य शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है. पूर्व सेना प्रमुख मनोज पांडे ने जनरल बिपिन रावत को ऐसा व्यक्ति बताया है जिन्होंने देश के लिए असाधारण काम किया है और देश का विकास किया है. भारत के पास दूरदर्शी नेतृत्व था जिसने सशस्त्र बलों को आधुनिकता की ओर अग्रसर किया. मनोज पांडे ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि तीनों सेनाओं को एकीकृत करने तथा उनमें समन्वय बनाए रखने के साथ-साथ युद्ध के लिए निरंतर तैयार रहने की उनकी प्रगतिशील सोच के कारण भारतीय सेना में काफी सुधार हुआ है. भोंसला मिलिट्री स्कूल के अध्यक्ष शैलेश जोगलेकर ने स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान में जनरल बिपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा छात्रों को उनके कार्यों से प्रेरित करने के लिए एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है.

# आध्यात्मिक शिव तांडव स्तोत्र का पाठ

**नागपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, शिव तांडव स्तोत्र शिव के अच्छे गुणों की स्तुति है. अच्छे गुणों की प्रशंसा करने से मनोबल बढ़ता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है. जहां कहीं भी अहंकार की स्थिति स्पष्ट हो, उस अहंकार को समाप्त करने के लिए आध्यात्मिक मार्ग खोजे जाते हैं. हमें शिव तांडव स्तोत्र के पाठ जैसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करनी चाहिए, ऐसी बात फडणवीस ने कही.
कामठी के श्री महादेव घाट क्षेत्र में आज शिव तांडव स्तोत्र पाठ कार्यक्रम का सोमवार को आयोजन किया गया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोल रहे थे. इस



अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, राजस्व मंत्री और पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक परिणय फुके, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, राजे मुधोजी भोसले और अन्य उपस्थित थे. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अत्यंत सुंदर कार्यक्रम के आयोजन के लिए कामठी स्थित शिवराज्य प्रतिष्ठान की प्रशंसा की तथा उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं. प्रतिष्ठान के माध्यम से महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि शिव तांडव स्तोत्र पाठ जैसे कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से हमारी आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास सराहनीय है यह भी उन्होंने कहा. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने भी अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने शिव तांडव स्तोत्र पाठ की अनूठी पहल की सराहना की और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए. ऐसी उम्मीद भी उन्होंने जताई.

# कुल्हाड़ी से पड़ोसी युवक पर हमला

**नागपुर.** शहर के मानकापुर पुलिस थाना अंतर्गत ताज नगर परिसर में पुराने विवाद के चलते अपराधी ने अपने ही पड़ोसी पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. हालांकि इस घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है मानकापूर इलाके के ताजनगर में हुए इस मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. पुरानी रंजिश के चलते अपराधी ने अपने ही पड़ोसी पर यह हमला किया था. इस हमले में घायल रूपेश विनोद चंदनकर (39) हैं. जबकि आरोपी उसके पड़ोस में ही रहने वाला राजु सुखदेव धुर्वे है. राजू के खिलाफ इससे पहले चोरी मारपीट और घातक हथियार लेकर घूमने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं.
बताया जा रहा है कि दोनों पड़ोसियों की पुरानी रंजिश है. इस घटना से एक दिन पहले आरोपी का फरयादी की मां से झगड़ा हुआ था. इसी विवाद



को लेकर रविवार को राजु धुर्वे ने चंदनकर के घर के पास आकर गाली-गलौज की थी. जब चंदनकर ने इसका विरोध किया, तो आरोपी गुस्से में आकर धमकाने लगा और फिर कुल्हाड़ लेकर हमला करने दौड़ा. फरयादी ने पहला वार बचा लिया और भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उनका पीछा किया और आखिरकार उनके सिर पर वार कर दिया. इस हमले में चंदनकर गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही मानकापूर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

# धामणा फ्लाईओवर पर भीषण सड़क हादसा

## टायर फटने के कारण 200 फीट तक कार घसीटती गई

**नागपुर.** रविवार रात को नागपुर-अमरावती राष्ट्रीय राजमार्ग पर धामना फ्लाईओवर पर एक भयानक कार दुर्घटना हुई. कार का अगला टायर अचानक फट गया और कार पलटकर 200 फीट दूर तक घसीटती गई. इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है. हादसे में कार चालक बडनेरा, अमरावती निवासी अक्षय कठाने (27) गंभीर रूप से घायल हो गया. गनीमत यह रही कि पुल पर लगी लोहे की बैरिकेडिंग के कारण कार पुल के नीचे नहीं गिरी और बड़ा हादसा होने से टल गया. अक्षय कठाने अपनी कार में बडनेरा से नागपुर तक अकेले यात्रा कर रहा था. तभी अक्षय कठाने की कार का अगला टायर फट गया और अक्षय वाहन से नियंत्रण खो बैठा. कार नियंत्रण से बाहर हो गई और डिवाइडर से टकरा गई. फिर इसी और दो टायर फट गए और



200 फीट दूर दूसरी सड़क पर जा गिरी. दुर्घटना के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन न होने के कारण बड़ी जनहानि होने फ्लाईओवर पर मजबूत लोहे की बैरिकेडिंग ने कार को पुल के नीचे गिरने से रोक दिया. मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि यदि बैरिकेड नहीं होते तो बड़ा हादसा हो जाता. हादसा होते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ लग गई. स्थानीय पुलिस ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचित किया, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अक्षय को नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# परियोजनाओं का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर हो

## स्पोर्ट्स् हब और आयुक्त कार्यालय का CM ने किया निरीक्षण



शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** नवनिर्मित खेल परिसर में स्पोर्ट्स हब, विभागीय आयुक्त कार्यालय और जिला कलेक्टर कार्यालय के बारह मंजिला ट्विन टावरों को न केवल निर्माण की गुणवत्ता के मामले में बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में भी ग्रीन बिल्डिंग के रूप में जाना जाना चाहिए. इस संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश देते हुए कहा कि, भवन के निर्माण के प्रत्येक चरण में सावधानी बरती जाए. मुख्यमंत्री फडणवीस ने पालकमंत्री बावनकुले के साथ विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का दौरा और निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मानकापुर स्थित विभागीय क्रीड़ा संकुल और आयुक्त कार्यालय में बनाए जा रहे है. आयुक्त कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के बारह मंजिला जुड़वा टावरों के निर्माण का व्यक्तिगत रूप से दौरा और निरीक्षण किया. इस अवसर पर उनके साथ पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता दिनेश नंदनवार, अधीक्षक अभियंता जनार्दन भानुसे, कार्यकारी अभियंता अभिजीत कुचेवार, क्रीड़ा विभाग के उपनिदेशक शेखर पाटिल, उपविभागीय अभियंता प्रशांत शंकरपुरे और अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

### डिजाइन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को अपनाया

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने नागपुर स्थित विधि विश्व-विद्यालय के भवन के डिजाइन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को अपनाया. सतत विकास और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से खेल परिसर और आयुक्तालय का निर्माण शून्य होना चाहिए, अर्थात ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होना चाहिए. हमें इस परिसर के कार्यालय के लिए आवश्यक बिजली सौर ऊर्जा के माध्यम से उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी इमारतें सभी हरित भवन मानकों को पूरा करेंगी तथा जल पुन: उपयोग के मामले में आदर्श मानक बनेंगी. इन सभी भवनों का निर्माण हर हाल में निर्धारित अवधि में पूरा किया जाना चाहिए, ऐसी बात फडणवीस ने कही.

**सफलता** कारगर साबित हो रहा 'मिशन जीवन रक्षा' अभियान ■ CP डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल ने किया मार्गदर्शन

# दुर्घटना एवं मृत्यु दर में कमी

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल के मार्गदर्शन में ट्रैफिक विभाग ने नए साल में 'मिशन जीवन रक्षा' की शुरुआत की. इसके तहत विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की गई और सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं. 2024 की तुलना में इस वर्ष दुर्घटना और मृत्यु दर में कमी आई है. ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक ने बताया की, शहर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल ने कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे. जिसके तहत 'मिशन जीवन रक्षा' अभियान शुरू किया गया. इसके तहत दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रेडियम व बैरिकेड्स लगाए गए ताकि गति को नियंत्रित किया जा सके. शहर में होने वाले हादसों में से एक तिहाई में सड़क से गुजरने वाले राहगीर मारे जाते हैं. इसलिए यातायात पुलिस ने 'फ्रीडम फुटपाथ' अभियान शुरू किया. जिसके तहत फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. 1 माह में 4,500 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए. जनवरी से मार्च 2024 के बीच शहर में 99 दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 100 लोगों की जान चली गई. हालांकि, पुलिस द्वारा लागू किए गए उपायों के कारण इस वर्ष इसी अवधि के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 77 रह गई है. जिसमें मृतकों की संख्या 81 है. पुलिस इस संख्या को और कम करने का प्रयास कर रही है.



## शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई

शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण है. इसलिए शहर में 20 स्थानों पर रात 9 बजे से सुबह 2 बजे तक नाकेबंदी की जा रही है. पिछले तीन महीनों में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 447 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. गति नियंत्रण के कारण दुर्घटनाओं में कमी आई है. कापसी में उमिया धाम कटिंग और जामठा टी-पॉइंट पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती थीं. इसलिए, इस स्थान पर रंबल स्ट्रिप्स, सफेद लेन मार्किंग, कैट आई, खतरा मार्कर, ब्लिंकर और अस्थायी सिग्नल लगाए गए. वहीं नागपुर महानगर पालिका की मदद से अंधेरे क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइटें लगाई गई. वाहन चालकों को सचेत करने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में गति सीमा और अन्य सूचना बोर्ड भी लगाए गए.

## 3 महीने में की गई कार्रवाई

| चालान | जनवरी-मार्च 2024 | जनवरी-मार्च 2025 |
| --- | --- | --- |
| हेलमेट | 1 लाख 55 हजार 888 | 3 लाख 21 हजार 304 |
| सीट बेल्ट | 7 हजार 488 | 5 हजार 675 |
| ट्रिपल सीट | 5 हजार 770 | 9 हजार 756 |
| मोबाइल | 1 हजार 709 | 2 हजार 648 |
| लाइसेंस | 17 हजार 547 | 24 हजार 146 |
| ब्लैक फिल्म | 2 हजार 028 | 2 हजार 128 |
| सिग्नल जंप | 12 हजार 180 | 17 हजार 374 |
| राँग साईड | 1 हजार 929 | 3 हजार 208 |
| फैंसी नंबर प्लेट | 5 हजार 055 | 6 हजार 811 |

## हादसों का कारण नियमों की अनदेखी : डीसीपी चांडक

डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा, नागरिक यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं और यही दुर्घटनाओं का कारण बनता है. अधिकांश मौतें सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं. फिर भी, नागरिक हेलमेट पहनना नजरअंदाज करते हैं. ट्रिपल सीट का इस्तेमाल करने वाले और लापरवाही से वाहन चलाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है. इसलिए पुलिस को नियमों को सख्ती



से लागू करने के लिए सख्त कार्रवाई करनी पड़ रही है. गैर सरकारी संगठनों की मदद से विभिन्न जागरूकता अभियान चलाने के बाद, अब पुलिस नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. 2024 के पहले 3 महीनों में 2 लाख 74 हजार 332 यातायात उल्लंघन चालान किए गए. इस प्रकार इस वर्ष 2025 में 4 लाख 52 हजार 521 चालान किये गये तथा यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी. इसलिए नागरिकों को अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, यह अपील पुलिस ने की है.

# आखिरी 30 गेंदों में CSK की बैटिंग हुई फेल

## धोनी-जडेजा की धीमी बल्लेबाजी पड़ी टीम पर भारी

**गुवाहाटी .** डेथ ओवर्स में खराब बैटिंग के कारण CSK को IPL के 18वें सीजन में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा.टीम को राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को गुवाहाटी में 6 रन के करीबी अंतर से हरा दिया.वनिंदू हसरंगा ने 4 विकेट लिए.वहीं नीतीश राणा ने महज 36 गेंद पर 81 रन की पारी खेली.टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रॉयल्स ने 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए.चेन्नई ने 15 ओवर में 122 रन बना लिए, आखिरी 5 ओवर में 61 रन चाहिए थे.अगले 3 ओवर में एमएस धोनी और रवींद्र जडेजा 22 रन ही बना सके.12 गेंद पर 39 रन चाहिए थे, टीम 32 रन ही बना पाई.



**प्लेयर ऑफ द मैच :** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले ओवर में विकेट गंवा दिया.नीतीश नंबर-3 पर उतरे.उन्होंने तेज बैटिंग की और CSK के बॉलर्स पर दबाव बना दिया.नीतीश ने 22 गेंद पर फिफ्टी लगाई.उन्होंने महज 36 गेंद पर 81 रन की पारी खेली।

**जीत के हीरो :**

▌ वनिंदू हसरंगाः लेग स्पिनर हसरंगा ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए.उन्होंने शिवम दुबे, राहुल त्रिपाठी, ऋतुराज गायकवाड और विजय शंकर के बड़े विकेट लिए।

▌ रियान परागः 8वें ओवर में 2 विकेट गंवाने के बाद कप्तान पराग बैटिंग करने आए.उन्होंने तेजी से 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 37 रन बनाए टीम को 150 के पार पहुंचाया।

▌ जोफ्रा आर्चरः नई गेंद से बॉलिंग करने आए आर्चर ने शुरुआती 2 ओवर में महज 1 रन दिया.उन्होंने रचिन रवींद्र को पवेलियन भेजा.उन्होंने 3 ओवर के स्पेल में 13 ही रन दिए।

**फाइटर ऑफ द मैचः** चेन्नई से कप्तान ऋतुराज गायकवाड ही फाइट दिखाते नजर आए.उन्हें नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरना पड़ा.गायकवाड ने 44 गेंद पर 63 रन बनाए.वे 16वें ओवर में आउट हुए और टीम बड़े रनचेज में बिखर गई।

**टर्निंग पॉइंट :** चेन्नई को आखिरी 30 गेंदों पर 61 रन की जरूरत थी.यहां धोनी और जडेजा अगले 3 ओवरों में 22 रन ही बना सके, इससे CSK पर दबाव बढ़ गया.डेथ ओवर्स में धीमी बैटिंग ही टीम की हार की बड़ी वजह बनी.आखिरी 12 गेंदों पर टीम को 39 रन की जरूरत पड़ी, टीम 32 रन ही बना सकी।

# धोनी का घुटना-शरीर पहले जैसा नहीं

## CSK के कोच बोले- उनका 10 ओवर बैटिंग करना मुश्किल

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में महेंद्र सिंह धोनी 8-9 नंबर पर बैटिंग करने उतर रहे हैं.इस पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट सवाल उठा रहे हैं.उनका कहना है कि इतने निचले क्रम पर बल्लेबाजी का टीम को क्या फायदा है.इस सवाल पर चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी की बॉडी और घुटना अब वैसा नहीं है, जैसा पहले हुआ करता था.उनके लिए 10 ओवर बल्लेबाजी करना मुश्किल है.फ्लेमिंग ने कहा कि यह समय की बात है.धोनी खुद इस बात का फैसला करते हैं.धोनी ठीक तरह से चल रहे हैं, लेकिन नुकसान की गुंजाइश अभी भी है।

**फ्लेमिंग बोले- ज्यादा लंबी बल्लेबाजी नहीं दिखाई देगी :** स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा, ₹जिस दिन मैच होता है, धोनी ही यह अंदाजा लगाते हैं कि वे टीम के लिए क्या कर सकते हैं.अगर मैच बैलेंस है तो धोनी थोड़ा जल्दी बैटिंग के लिए उतर सकते हैं.जब भी मौका मिलता है वे दूसरे खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं.इस तरह से धोनी बैलेंस कर रहे हैं.मैंने पिछले साल भी कहा था कि वह हमारे लिए बेशकीमती हैं.टीम के लिए विकेटकीपिंग करने के साथ उनका 9-10 ओवर में बल्लेबाजी के लिए उतरना ठीक नहीं है।₹



**हुई थी घुटने की सर्जरी**

धोनी ने IPL 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी कराई थी.धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था।

2023 का सीजन शुरू होने से पहले ही धोनी को घुटने में दर्द हो रहा था.गुजरात के खिलाफ IPL 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे.गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था।

इस चोट के बाद वह किसी तरह खड़े हो गए.उसके बाद धोनी ने विकेट कीपिंग जारी रखी थी.वह 2023 में पूरे सीजन घुटने में पट्टी बांधकर ग्राउंड पर उतरे थे।

**चेन्नई लगातार दो मैचों में चेज करते हुए हारी**

चेन्नई को इस सीजन में चेज करते हुए लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा.दोनों ही मैचों में धोनी निचले क्रम में बल्लेबाजी करने आए.सीजन के पहले मैच में चेन्नई ने मुंबई को 4 विकेट से हराया था.इस मैच में भी धोनी आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे.30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में चेन्नई को 6 रनों से हार का सामना करना पड़ा.धोनी इस मैच में भी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए और 11 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गए.अपनी पारी के दौरान उन्होंने एक चौका और एक छक्का भी लगाया.चेपॉक में 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई को 17 साल बाद घर पर हार का सामना करना पड़ा था.इस मैच में टीम 197 रनों का पीछा कर रही थी.इस बार धोनी 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए थे.धोनी 16 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहे

# जोकोविच को हरा जैकब ने जीता मियामी ओपन



**नई दिल्ली.** चेक रिपब्लिक के टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है.जैकब यह टाइटल जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं.ये 19 साल के जैकब की पहली एटीपी ट्रॉफी भी है.उन्होंने फाइनल में पहली सीड सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया.

उन्हें 9.4 करोड़ की इनाम राशि मिली.इससे पहले मेनसिक को पिछले साल अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स में तीन सेटों से जोकोविच से हार मिली थी.मेनसिक ने टाइटल जीतने के बाद कहा, ₹जोकोविच के खिलाफ मैं यह मैच बहुत नर्वस होकर खेला था।₹

**जोकोविच ने 2007 में पहला मियामी ओपन जीता :** नोवाक जोकोविच मियामी ओपन का फाइनल इस बार हार गए हैं.जोकोविच इस टाइटल को 6 बार जीत चुके हैं.जब 2007 में उन्होंने पहली बार ये ट्रॉफी जीती थी तब मेनसिक केवल 2 साल के थे।

**100 ATP टाइटल चूक गए जोकोविच :** 37 साल के जोकोविच मास्टर्स 1000 में शामिल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं.अगर वे फाइनल जीत जाते तो यह उनका 100वां प्रोफेशनल एटीपी टाइटल होता.जोकोविच ने अभी तक 99 इंटरनेशनल टाइटल जीते है.वहीं अमेरिका के जिमी कोनर्स (109) और स्विस खिलाड़ी रोजर फेडरर (103) केवल दो ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 100 का आंकड़ा पार किया है।

# उत्तर प्रदेश की अनदेखी के बाद जीशान ने IPL में छोड़ी छाप

**नई दिल्ली :** जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया.ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए.तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है। लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला.वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा।



जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे.उन्हें जूनियर राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था.भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, ‘उसे ईद से पहले ईदी मिल गई.वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है.मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।' हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने 5 रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं.उत्तर प्रदेश के एक अन्य पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा, ‘कुलदीप (यादव) अधिकतर समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यस्त रहता था लेकिन पता नहीं क्यों हमारे कोच सुनील जोशी (भारत के पूर्व स्पिनर) को इस लड़के में कुछ खास नहीं दिखा।' उन्होंने कहा, ‘उम्मीद है कि अब उसे कुछ खास मिलेगा.मेरा मानना है कि विप्पी (दिल्ली कैपिटल्स के विपराज निगम) और जीशान दोनों एक साथ उत्तर प्रदेश के लिए खेल सकते हैं।'

लखनऊ विकास प्राधिकरण में जीशान को लगभग 12 साल की उम्र में कलाई की स्पिन का पहला पाठ पढ़ाने वाले उनके बचपन के कोच गोपाल सिंह ने कहा कि उनके शिष्य के लिए यह बहुत ही विचित्र स्थिति बन गई थी.गोपाल ने कहा, ‘2016 में अंडर-19 विश्व कप से वापस आने के बाद उसने रणजी ट्रॉफी खेली और अच्छा प्रदर्शन किया.

# पाकिस्तान को लगा करारा झटका

**नई दिल्ली.**पाकिस्तान क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले जोरदार झटका लगा है.उसके ओपनर उस्मान खान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले मैच से बाहर हो गए हैं.सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला करो या मरो की स्थिति का है.पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी देते हुए कहा, 'उस्मान खान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से बाहर हो गए हैं.29 साल के बल्लेबाज को पहले वनडे में फील्डिंग करते समय चोट लगी थी.एमआरआई स्कैन ने पुष्टि की है कि लो-ग्रेड टियर के कारण उस्मान दूसरे वनडे में उपलब्ध नहीं रहेंगे।' उस्मान खान ने नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में अपना वनडे डेब्यू किया और 33 गेंदों में 39 रन की पारी खेली.इस दौरान उन्होंने चार चौके और दो छक्के जड़े.यह देखना दिलचस्प होगा कि 29 साल के उस्मान खान तीसरे वनडे से पहले पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं.पाकिस्तान के पास तीसरे ओपनर के रूप में इमाम उल हक हैं, जिन्हें प्लेइंग 11 में तब मौका मिलेगा, जब बाबर आजम तीसरे क्रम पर खेले.अन्य खिलाड़ियों में खुशदिल शाह और सूफियान मुकीम को प्लेइंग 11 में जगह मिल सकती है, जो निचलेक्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं और गेंद को स्पिन कराते हैं।

# फुटबॉल रेफरी ने कोच को जड़ी कराटे किक

**पेरू :** कोपा पेरू लीग मैच के दौरान रेफरी लुइस एलेग्रे ने हारने वाली टीम के कोच मैग्डेलेना सीईडीईसी को कराटे किक मारकर बेहोश कर दिया.कोच मैग्डेलेना रेफरी पर प्लास्टिक की बोतल से हमला करने आए थे.स्पोर्ट हुआक्विला के खिलाफ मैच के 82वें मिनट में हुई इस घटना ने दुनिया भर के दर्शकों और फुटबॉल प्रशंसकों को हैरत में डाल दिया है।दरअसल, एलेग्रे ने अपने लाइनमैन के इशारे पर मैग्डेलेना सीईडीईसी बेंच के एक सदस्य को लाल कार्ड दिखाया था.इस पर तनाव इतना बढ़ गया कि कोचिंग स्टाफ का एक सदस्य प्लास्टिक की बोतल लेकर मैदान पर आया और रेफरी की ओर भागा.एलेग्रे ने यह देखकर दाहिने पैर से कराटे किक लगाई, जो कोच के चेहरे पर लगी और वह वहीं जमीन पर गिर गया।

# रियान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

## चेन्नई के खिलाफ स्लो ओवर रेट की सजा मिली

**नई दिल्ली.**राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर स्लो ओवर रेट के लिए BCCI ने 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है.RR ने 30 मार्च को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सीजन का 11वां मैच खेला था.

इसमें राजस्थान की टीम दूसरी पारी में फिल्डिंग करने उतरी थी.टीम निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी.इसके बाद भी राजस्थान ने अपनी पहली जीत दर्ज कर ली थी.टीम ने CSK को 6 रन से हराया था।



**हार्दिक पांड्या पर भी लगा था जुर्माना**

यह IPL 2025 का दूसरा स्लो ओवर रेट का मामला है.इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ इसी वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था.इसी वजह से उनकी टीम को मैच के आखरी ओवर में 30 यार्ड सर्कल में एक फील्डर ज्यादा रखना पड़ा था.18वें सीजन से BCCI ने कप्तान पर मैच का बैन लगाने वाले नियम को हटा दिया है.अब स्लो ओवर रेट के कारण टीम के कप्तान पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा.अब केवल मैच फीस का फाइन और फील्डिंग प्रतिबंध ही लागू किए जा रहे हैं।

**रियान पराग की कप्तानी में पहली जीत मिली**

राजस्थान रॉयल्स ने IPL 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की.टीम को इससे पहले शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था.टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए CSK के सामने 183 रन का लक्ष्य रखा.जवाब में चेन्नई की टीम 176 रन ही बना सकी।

**RR का अगला मुकाबला 5 अप्रैल को**

राजस्थान अपना अगला मैच 5 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी.मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा.ये लीग में पंजाब का तीसरा और राजस्थान का चौथा मैच होगा।

क्रिकेट | पाकिस्तान के कप्तान ने खुलेआम बताई इसकी वजह

# बुमराह का सामना करने में लगता है सबसे ज्यादा डर

**नई दिल्ली.**पाकिस्तान के वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि मौजूदा समय में उन्हें सबसे ज्यादा डर भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से लगता है.वहीं, फखर जमान ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को नई गेंद के साथ सबसे खतरनाक बताया.एक विशेष शो में रिजवान, फखर और नसीम शाह ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज से बातचीत की, जिन्होंने मेजबान की भूमिका निभाई.वहाब रियाज ने इस दौरान तीनों क्रिकेटर्स से पूछा कि उन्हें सबसे ज्यादा किसका सामना करने में तकलीफ हुई।



**रिजवान ने दिया सबसे पहले जवाब**

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सबसे पहले जवाब देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत में उन्हें जोश हेजलवुड ने काफी परेशान किया, लेकिन अब जसप्रीत बुमराह ने उनकी जगह ले ली है.रिजवान ने कहा, 'जब मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरूआत की तो लगा कि जोश हेजलवुड का सामना करना मुश्किल है, लेकिन अब जसप्रीत बुमराह हैं।

**जोफ्रा आर्चर ही क्यों**

वहीं, फखर जमान ने कहा कि पिच की स्थिति को देखते हुए उन्हें सबसे ज्यादा डर जोफ्रा आर्चर के हाथ में नई गेंद से लगता है.पाकिस्तानी ओपनर ने कहा, 'मैं आपको कह सकता हूं कि परिस्थिति के हिसाब से मुझे जोफ्रा आर्चर का नई गेंद के साथ सामना करने में सबसे ज्यादा मुश्किल होती है।'

**नसीम शाह ने बयां की बात**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने बताया कि उन्हें सीमित ओवर प्रारूप में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर का सामना करने में सबसे ज्यादा तकलीफ हुई.नसीम ने कहा, 'हाल ही में मुझे महसूस हुआ कि सफेद गेंद क्रिकेट में जोस बटलर का सामना करना बेहद मुश्किल है।'

### पाकिस्तान के लिए करो या मरो मैच

बता दें कि रिजवान और नसीम इस समय न्यूजीलैंड दौरे पर पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं.दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज जारी है.पाकिस्तान को पहले वनडे में विशाल शिकस्त सहनी पड़ी और ऐसे में दूसरा वनडे उसके लिए करो या मरो स्थिति का हो गया है.पाकिस्तान को अगर सीरीज में बने रहना है तो उसे हर हाल में दूसरा वनडे जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर करनी होगी।

# स्कॉट कुग्गेलेयन ने तोड़ा 27 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत में इन दिनों दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग खेली जा रही है.इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में दुनियाभर के अनुभवी और युवा क्रिकेटर खेल रहे हैं.इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के स्कॉट कुजलेजिन ने न्यूजीलैंड के प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में एक खास रिकॉर्ड बना दिया है.उन्होंने डुनेडिन में प्लंकेट शील्ड 2024-25 के अंतिम दौर में ओटागो के खिलाफ 19 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी.इसके साथ ही उन्होंने आंद्रे एडम्स का 27 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है.आंद्रे एडम्स ने ऑकलैंड के लिए 20 गेंदों में अर्धशतक बनाया था.उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास डेब्यू में ओटागो के खिलाफ ही यह कारनामा किया था।स्कॉट कुजलेजिन को पहली बार दूसरी इनिंग में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स द्वारा ओपनिंग करने के लिए प्रमोट किया गया.उन्होंने तीसरे दिन जीत के लिए भरपूर प्रयास किया.उन्होंने 273.07 की स्ट्राइक रेट से तीन चौकों और आठ छक्कों की मदद से 71 रन बनाए.उनकी इस पारी के चलते डिस्ट्रिक्ट्स ने अपनी दूसरी पारी घोषित करने से पहले सिर्फ़ 11 ओवर में 140 रन बनाए.स्कॉट कुजलेजिन की इस पारी ने निश्चित रूप से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को प्लंकेट शील्ड खिताब जीतने का शानदार मौका दिया है.नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को अंतिम दिन केवल सात विकेट की जरूरत है.वहीं दूसरी ओर ओटागो अभी भी जीत से 287 रन दूर है.उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने तक 51 ओवर खेले और 3 विकेट के नुकसान पर 120 रन बना दिए हैं.स्कॉट कुजलेजिन ने पहली पारी में 32 गेंदों का सामना किया था और 53 रन बनाए थे.इस दौरान उनके बल्ले से 6 चौके और 3 छक्के निकले.नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स ने अपने पहले मैच में 7 विकेट के नुकसान पर 411 रन बनाए और फिर ओटागो को सिर्फ 145 रनों पर ढेर कर दिया.

